www.anokhateer.com
anokhateer@gmail.com
पंजीयन क्रमांक–एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

05 सितंबर 2025
हरदा, शुक्रवार
वर्ष-15, अंक - 92, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
भाद्रपद शुक्ल पक्ष - 13
विक्रम संवत् 2082

एक राष्ट्र-एक चुनाव आज के समय की जरूरत : सीएम

स्वच्छता से खुलता है समृद्धि का द्वार

## सफाई मित्रों के साथ स्नेहभोज किया

### मुख्यमंत्री ने कहा- इंदौर का स्वच्छता से सात जन्मों का नाता



**अनोखा तीर, भोपाल/इंदौर।**

स्वच्छता में देश के पहले शहर इंदौर को गुरुवार को नई सौगात मिली है। ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने एवं लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर से हरी झंडी दिखाकर 50 इलेक्ट्रिक एसी बसों का शुभारंभ किया। अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित इन बसों का संचालन नेट कास्ट मॉडल पर किया जाएगा। इंदौर शहर के सफाई मित्रों के सम्मान के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके साथ भोजन किया। उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने हर बार स्वच्छता की नई-नई शर्तें लगाईं। पर ये यहां के स्वच्छता के सिपाही हैं, जो हर बार इंदौर को नंबर वन लाए।

अब स्वच्छता का इंदौर से सात जन्मों का नाता हो गया है। इंदौर ने देश के बड़े-बड़े शहरों से चुनौती ली। इस शहर ने सबको पीछे छोड़ दिया। यहां जो होता है सर्वश्रेष्ठ होता है।

सीएम बोले-

### एक राष्ट्र एक चुनाव आज के समय की जरूरत

बीसीसी में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि ये आज देश की जरूरत है। 1969 तक ऐसा होता था, लेकिन वोट की राजनीति करने वालों ने चुनाव प्रक्रिया को कई भागों में बांट दिया। देश के विकास के लिए अलग-अलग राज्यों के चुनाव बाधा बनते थे। ये पाप कांग्रेस के माथे है। संविधान की दुहाई देने वालों ने अपने हिसाब से संविधान संशोधन किए।




एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम में जस्टिस वीएस कोकजे, सांसद शंकर लालवानी, मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक रमेश मेंदोला, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जीएसटी का सरलीकरण देश की जनता को बड़ा उपहार : हेमंत खंडेलवाल

### - सरकार के निर्णय से गरीब, युवा, अन्नदाता और महिलाओं को मिलेगी ताकत

**अनोखा तीर, भोपाल।**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने जीएसटी काउंसिल द्वारा टैक्स स्लैब में किए गए बदलाव का स्वागत किया है। जनहितैषी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार के इस निर्णय का लाभ देश की 90 प्रतिशत आबादी करीब सवा सौ करोड़ लोगों के साथ गरीब, युवा, किसान और महिलाओं समेत हर वर्ग को ताकत मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी स्लैब में बदलाव के ऐतिहासिक फैसले से देश आर्थिक रूप से और सशक्त बनेगा।

**केंद्र सरकार का जीएसटी स्लैब में बदलाव सराहनीय व जनहितकारी कदम-** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए कर ढांचे को नागरिक केंद्रित बनाते हुए आमजन के जीवन को बेहतर बनाने की बात कही थी और जीएसटी स्लैब में किया गया बदलाव इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। तत्कालीन वित मंत्री अरूण जेटली ने बिल्कुल स्पष्ट कर दिया था कि आंकलन करने के बाद जनता और व्यापारियों को सहूलियत देने के लिए समय समय पर जीएसटी में सुधार होंगे। उन्होंने कहा कि कोविड के अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के कारण इसमें देरी हुई, लेकिन सुधार योजना के अनुसार हुए। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने देश की बड़ी आबादी के हित में, गरीब, युवा, किसान और महिलाओं समेत हर वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए जीएसटी दरों को 4 की जगह सिर्फ 2 स्लैब में समाहित करने का निर्णय लिया है, जो अत्यंत सराहनीय और महत्वपूर्ण कदम है।

### हर वर्ग को होगा लाभ

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि जीएसटी के ढांचे में जो बदलाव हुआ है, उसका लाभ किसी न किसी रूप में समाज के हर वर्ग को मिलने वाला है। इसमें जहां 12 फीसदी और 28 प्रतिशत वाले टेक्स स्लैब को खत्म कर दिया गया है, वहीं 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत वाले स्लैब में इन वस्तुओं को रखने से निश्चित रूप से आवश्यक वस्तुओं के दामों में कमी आएगी। 40 प्रतिशत का स्लैब नशा के विरूद्ध सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है इससे नशे की रोकथाम में मदद मिलेगी। हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी शून्य करने का कदम ऐतिहासिक है, इससे आम आदमी भी स्वास्थ्य बीमा करा कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ले सकेगा। साथ ही पनीर, छेना, टेट्रापैक दूध, रोटी, चपाती परांठा, खाकरा जैसी आम लोगों से जुड़ी खाद्य वस्तुओं, दुर्लभ बीमारियों और कैंसर की दवाओं पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। आम आदमी के उपयोग की कई वस्तुएं जैसे हेयर ऑयल, टॉयलेट सोप, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल, टेबलवेयर, किचनवेयर, अन्य घरेलू सामान आदि पर जीएसटी 18 प्रतिशत या 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।



## आरबीआई के वित्तीय समावेशन अभियान के तहत जागरुकता शिविर आयोजित






**अनोखा तीर, रहटगांव।** गुरुवार को मंडी प्रांगण में भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आरबीआई अधिकारियों के साथ रहटगांव क्षेत्र की सभी शाखाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे। क्षेत्र के बड़ी संख्या में खाताधारक भी इसमें शामिल हुए। जानकारी के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तीन माह का वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रहटगांव मंडी परिसर में हुए इस आयोजन में हितग्राहियों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के तरीके और विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी गई। बालिकाओं ने नाटक के माध्यम से योजनाओं का प्रदर्शन किया और आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। शिविर में आरबीआई जीएम हेमंत सोनी, एलडीओ श्रवण कुमार, एसबीआई चैनल मैनेजमेंट के डीजीएम जितेंद्र सिंह, एसबीआई आरएम सुदीप मुसरे, एलडीएम हरदा मनोज पवार, एसबीआई बीएम राजेंद्र गिर, एमपीजीबी आरएम सुरेंद्र सिंह राणा, एमपीजीबी बीएम रवि चंदेल, बीओआई डीजीएम सौरभ सिकरवार, बीओआई बीएम रुपेंद्र पटेल और सीबीआई बीएमसी अविनाश सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रहटगांव सरपंच पति सुरज रंगीले, छिरपुरा सरपंच रविशंकर तोमर, खमगांव सरपंच आनंद सिंह सगर सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# गणेश उत्सव पर बारिश का साया

## • दिनभर होती रही रिमझिम बरसात, ठप पड़ा खेतों का काम



**अनोखा तीर, मसनगांव।**

गुरुवार को भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। बुधवार को नदियां उफान पर आने के बाद भले ही पानी का बहाव कम हुआ हो, लेकिन अब भी नदियां दोनों किनारों से लगकर बह रही हैं। लगातार रिमझिम बरसात से दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं खेती-किसानी से जुड़े कार्य भी पूरी तरह ठप हो गए। दवाई का छिड़काव, निंदाई और मेड़ों की सफाई जैसे जरूरी कामों के लिए मजदूर और किसान घर पर बैठे रहे।

**गणेश उत्सव पर बारिश का साया-** गांव में 10 दिन तक चलने वाले गणेश उत्सव पर भी बारिश का असर दिखाई दिया। जगह-जगह पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना हुई है, लेकिन श्रद्धालु लगातार हो रही बारिश के कारण पंडालों तक पहुंचने में परेशानी महसूस कर रहे हैं। होली चौक, सुभाष चौक और भिलीट बाबा के स्थान पर गणेश प्रतिमाएं विराजित की गई हैं, मगर बारिश ने उत्सव की रौनक फीकी कर दी है।

**सड़कें बनीं दलदल, आवाजाही हुई मुश्किल-** रिमझिम बरसात ने गांव की सड़कों की हालत खराब कर दी है। नल-जल योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन के बाद मरम्मत की गई सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में पानी भरने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। रात में पैदल चलने वालों को वाहनों से उछलकर आने वाले पानी के छींटों का सामना करना पड़ रहा है।

### किसानों की चिंता बढ़ी

लगातार बारिश से किसान और मजदूर दोनों ही परेशान हो रहे हैं। किसान कीर्तन रायखेरे ने बताया कि अधिक बारिश से फसल को नुकसान पहुंच रहा है और खेतों तक जाने वाले रास्ते दलदल में तब्दील हो चुके हैं। ग्रामीण अब बारिश थमने का इंतजार कर रहे हैं ताकि खेतों में रुके पड़े काम शुरू हो सकें।

## जेपी परिसर में गणेश मित्र मंडल ने कराया कन्याभोज



**अनोखा तीर, रहटगांव।** नगर के जे.पी. परिसर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी युवा जागृति गणेश मित्र मंडल द्वारा कन्या भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कन्याएं पहुंचीं और भगवान गणेश की महाप्रसादी ग्रहण की। समिति के सदस्यों ने सभी कन्याओं की पूजा-अर्चना कर उन्हें कुमकुम लगाया तथा दक्षिणा प्रदान की। साथ ही कन्याओं से आशीर्वाद भी लिया गया। कन्या भोज में रहटगांव, खमगांव, कासरनी, नजरपुरा, झाडबीडा, फुलडी सहित आसपास के ग्रामों की कन्याएं शामिल हुईं।

## शिक्षक दिवस के रूप में मनाई सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की जयंती

# माता ही बच्चों की पहली शिक्षक



**अनोखा तीर, भोपाल।**

संध्या जैन स्टडी सर्कल अशोका गार्डन पर शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षक दिवस के महत्व के बारे में सुशील कुमार जैन द्वारा बच्चों को बताया गया। हमारे देश में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। क्योंकि यह हमारे देश के दूसरे राष्ट्रपति और एक महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती है, और संपूर्ण देश में छात्रों द्वारा उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। सर्वप्रथम किसी भी बालक या विद्यार्थी के जीवन में प्रथम गुरू माता एवं पिता होते हैं।

शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर मनीष, शौर्य, आकाश को अपने माता-पिता को नित्य प्रातः वंदन एवं प्रणाम करने पर सभी बच्चों के समक्ष सम्मानित किया गया एवं सभी बच्चों को इस बाबत अभिप्रेरित भी किया गया कि सभी विद्यार्थी नित्य प्रातः नियमित रूप से अपने माता-पिता का अभिवादन कर आशीर्वाद प्राप्त करें और अपने जीवन में स्थाई सुख शांति समृद्धि प्राप्त करें।

## किसानों को पुलिस निगरानी में बांटा गया खाद




**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम की जिला सहकारी बैंक शाखा में पहली बार रबी फसल के लिए डीएपी और टीएसपी खाद आया। लेकिन बीते दो दिनों से किसानों और समिति कर्मचारियों के बीच खाद वितरण को लेकर बार-बार हंगामा होता रहा। इसी कारण वितरण रोक दिया गया था। गुरुवार सुबह फिर 7 बजे से किसान समिति कार्यालय के सामने लाइन में लग गए। हालांकि, 10 बजे समिति कर्मचारियों के आने के बाद भी कई किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा था। इस पर किसानों और कर्मचारियों के बीच बहस हुई। स्थिति बिगड़ने पर टिमरनी थाने से पुलिस बल पहुंचा और उसकी निगरानी में किसानों को खाद बांटा गया। प्रत्येक किसान को पांच-पांच बोरी खाद दी गई, जिसमें तीन बोरी डीएपी और दो बोरी टीएसपी रही। सोडलपुर समिति प्रबंधक मनोज नायर ने बताया कि रबी सीजन के लिए 500 टन डीएपी और 500 टन यूरिया खाद की मांग की गई है। जैसे-जैसे खाद पहुंचेगा, किसानों को उसी अनुसार वितरित किया जाएगा।

## आवारा मवेशियों से फसलों को नुकसान, हादसों का भी डर



**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों में पालतू जानवरों को आवारा छोड़ देने की समस्या बढ़ती जा रही है। किसानों की मक्का और सोयाबीन की फसलें अब दाना बनने की अवस्था में हैं, ऐसे में खेतों में घुसकर मवेशी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। किसानों ने पहले आवारा मवेशियों को गौशालाओं में छोड़ा था, लेकिन दूसरे गांवों से लोग अपने पालतू जानवर यहां छोड़ जाते हैं, जो अब किसानों के लिए आफत बने हुए हैं। इधर कान्हा बाबा चौक पर भी बड़ी संख्या में मवेशी बैठे रहते हैं। पूरी सड़क पर इनके डेरा जमाने से हादसे का डर बना रहता है। किसानों का कहना है कि यदि वे मवेशियों को गौशाला ले जाते हैं तो समिति उनसे पैसे की मांग करती है। इस कारण किसान उन्हें रास्ते में ही छोड़ देते हैं। नतीजतन आवारा मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि व्यवस्था बनाकर मवेशियों को गौशालाओं में भेजा जाए।

## शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का हुआ सम्मान



**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा के पदाधिकारियों ने शामिल होकर शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान शाखा प्रबंधक प्रियंका शर्मा और प्रतीक मुकाती ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय के आचार्य बालकृष्ण बाके, केवल राम टाक सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों का किया सम्मान

**अनोखा तीर, सोडलपुर।**




ग्राम के आदर्श बाल विकास हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों को सम्मानित किया और उनके योगदान को नमन किया।

बच्चों ने भाषण, गीत और कविताओं के माध्यम से कहा कि गुरु ही वह ज्योति हैं जो अज्ञान के अंधकार से निकालकर जीवन को सफलता की ओर ले जाते हैं। शिक्षक केवल पढ़ाते ही नहीं, बल्कि अपने आचरण और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ते हैं। प्राचार्य ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए वे अपने गुरुजनों का सम्मान करें, क्योंकि शिक्षा में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। गुरु का आदर करना ही असली ज्ञान की पहचान है। इस अवसर पर प्रस्तुत कविताओं और भाषणों से वातावरण गूंज उठा और पूरा विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट व गुरु-वंदना के नारों से सराबोर हो गया।

## पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष ने थामा कांग्रेस का दामन



**अनोखा तीर, हंडिया।** पूर्व भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष विशाल तिवारी ने कांग्रेस की सदस्यता ली। इस अवसर पर महेश पटेल, सिद्धांत तिवारी, अरुण तिवारी, महेश राठौड़, विजय सुरमा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष समीर तिवारी और रामविलास धनगर सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।


क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1566

**कार्यालय प्रमुख अभियंता**

**जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल**

ई मेल-mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन-0755-2553402 फैक्स-0755-2552406

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

निविदा सूचना क्रमांक-614/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक : 01/09/2025

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 19-09-2025 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| स.क्रं. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रु. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_WRD_432174 | माही परियोजना की मुख्य नहर की आर.डी. 0 से 32 कि.मी. एवं शाखा नहर 0 से 17 कि.मी. नहर पार्श्व में जहां है जैसी उपलब्ध हार्ड रॉक का विक्रय। (आठवां आमंत्रण) | झाबुआ | 17.70 |
| 2 | 2025_WRD_433363 | दतुनी परियोजना की लघु नहर क्रमांक 4 का सुधार कार्य। | देवास | 1.97 |
| 3 | 2025_WRD_433364 | दतुनी परियोजना की लघु नहर क्रमांक 1 का सुधार कार्य। | देवास | 1.57 |
| 4 | 2025_WRD_433365 | दतुनी परियोजना की मुख्य नहर की आर.डी. 0 से आर.डी. 1125 मी. मय लघु नहर का मरम्मत कार्य। | देवास | 4.21 |
| 5 | 2025_WRD_433366 | दतुनी परियोजना की मुख्य नहर की आर.डी. 11500 से आर.डी. 20520 मी. मय लघु नहर का मरम्मत कार्य। | देवास | 4.14 |
| 6 | 2025_WRD_434215 | पचमढ़ी स्थित निरीक्षण गृह में रखरखाव, मरम्मत कार्य एवं अकुशल श्रमिक प्रदाय करने का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | नर्मदापुरम् | 4.96 |
| 7 | 2025_WRD_434216 | बाबई उपनहर (0 से 90 मी.) एवं गेजरवाड़ा उपनहर (0 से 33 मी.) की मिट्टी लाईनिंग कार्य। | नर्मदापुरम् | 11.10 |
| 8 | 2025_WRD_437747 | ला.मा.वि.यां. उपसंभाग ग्वालियर के एम.बी.सी. के नं.870 क्रास रेग्यूलेटर गेट का सुधार एवं मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | ग्वालियर | 6.79 |
| 9 | 2025_WRD_437751 | भिंड संभाग के 2 एल, 3 एल, 4 आर, 7 आर एवं बी.एम.सी. आर डी चैन 902 नहरों के गेटों का सुधार एवं मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | ग्वालियर | 6.21 |
| 10 | 2025_WRD_441193 | ला.मा. वि./यां. उपसंभाग ग्वालियर के 1 एल, 2 आर, 3 आर, 5 आर 6 आर एवं 2 आर/आईआर एस.एम.बी. नहरों के गेटों का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 1.33 |
| 11 | 2025_WRD_441502 | मशीन डी 50 ए 15 क्रमांक 26, 103 एवं 7854 के लिये कलपुर्जों की आपूर्ति। | सागर | 2.07 |
| 12 | 2025_WRD_441504 | कम्पेक्टर क्रमांक 15 एवं 17 के लिये कलपुर्जों की आपूर्ति। | सागर | 1.56 |
| 13 | 2025_WRD_441505 | मशीन डी. 50 ए 15 क्रमांक 38, 65 एवं 68 के लिये कलपुर्जों की आपूर्ति। | सागर | 1.65 |
| 14 | 2025_WRD_441506 | मशीन डी. 50 ए 15 क्रमांक एल.एम. के कलपुर्जों की आपूर्ति। | सागर | 0.42 |
| 15 | 2025_WRD_441507 | मशीन डी. 50 ए 15 क्रमांक 26, 103, 7854 एवं कम्पेक्टर क्रमांक 15 एवं 17 का सुधार कार्य। | सागर | 1.35 |
| 16 | 2025_WRD_441508 | मशीन डी. 50 ए 15 क्रमांक एल.एम. का सुधार कार्य। | सागर | 0.41 |
| 17 | 2025_WRD_441523 | मशीन डी. 50 ए 15 क्रमांक 38, 65, 68 का सुधार कार्य। | सागर | 0.89 |
| 18 | 2025_WRD_442107 | मडीखेड़ा बांध पर ओटिस (लिफ्ट) का मरम्मत एवं सुधार कार्य कराए जाने बाबत। | दतिया | 5.16 |
| 19 | 2025_WRD_442348 | पगरा माध्यम बांध पर विद्युतीय अवयवों का प्रदाय-स्थापना एवं एवं अन्य कार्य। | सागर | 16.80 |
| 20 | 2025_WRD_442789 | हंडिया शाखा नहर की आर.डी. 14580 मी. का सी.आर. मरम्मत कार्य। | हरदा | 7.90 |
| 21 | 2025_WRD_442790 | हंडिया शाखा नहर की आर.डी 39810 मी. के फाल का मरम्मत कार्य। | हरदा | 2.97 |
| 22 | 2025_WRD_442985 | बारना विस्तारीकरण परियोजना अंतर्गत पोषक नहर की आर. डी. 14730 मी. पर नहर मरम्मत का कार्य। | रायसेन | 11.21 |
| 23 | 2025_WRD_442989 | बारना विस्तारीकरण परियोजना अंतर्गत पोषक नहर की आर.डी. 5510 मी. एवं 5740 मी. पर नहर मरम्मत का कार्य। | रायसेन | 12.79 |
| 24 | 2025_WRD_443376 | ला.मा. वि./यां. उपसंभाग ग्वालियर के बी.एम.सी. के चैन नं. 339 बारहा हेड सी.आर. गेटों का सुधार का मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 5.47 |
| 25 | 2025_WRD_443742 | बारना विस्तारीकरण परियोजना के एक्वाडक्ट के बांयी बैंक के सुदृढ़ीकरण हेतु गेबीयन एवं पिचिंग एवं घरघोरा एवं ऊटिया एक्वाडक्ट के डाउन स्ट्रीम के बैंक राइजिंग एवं मरम्मत कार्य। | रायसेन | 12.79 |
| 26 | 2025_WRD_444240 | आंवलिया मध्यम सिंचाई परियोजना जिला खण्डवा हेतु 110 के.व्ही.ए. 33 के.व्ही.ए. एच.टी. पावर कनेक्शन का कार्य। | धार | 3.99 |
| 27 | 2025_WRD_444366 | बारना बांयी नहर उपसंभाग क्र. 3 बरेली, अंतर्गत बारना बांयी मुख्य नहर की चैन 842 से चैन 848 तक दायी बैंक में बाहरी तरह गेबियन का कार्य। | रायसेन | 15.21 |
| 28 | 2025_WRD_444861 | कालापाठा, नीमखेड़ी, धरनावदा, भमावद, देवपुरा, कीताखेड़ी, कहारपुरा एवं विशनखेड़ा स्टापडेम के गेट बंद करने, खोलने एवं मरम्मत कार्य। | गुना | 14.21 |
| 29 | 2025_WRD_445089 | दवाडिया उपनहर पर 07 नं. एच. आर चैन क्र. 02, 12, 65, 98, 161, 223 एवं 280 के मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | नर्मदापुरम् | 14.76 |
| 30 | 2025_WRD_445090 | तवा बांयी मुख्य तट नहर की चैन क्र. 2141, 2161, 2223, 2265, 2203, 2386, 2283 एवं 2107 के सी.डी. के नाले की डाउन स्ट्रीम एवं अप स्ट्रीम की मिट्टी सफाई कार्य। | नर्मदापुरम् | 13.53 |
| 31 | 2025_WRD_445091 | मुहारी माइनर चैन क्र. 100 से 200 की सर्विस रोड एवं बैंक मरम्मत के मिट्टी का कार्य। | नर्मदापुरम् | 4.64 |
| 32 | 2025_WRD_445092 | मुहारी माइनर चैन क्र. 100 पर क्षतिग्रस्त फॉल का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 2.41 |
| 33 | 2025_WRD_445093 | मुहारी माइनर चैन क्र. 13 पर क्षतिग्रस्त फॉल का पुननिर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 2.51 |
| 34 | 2025_WRD_445095 | मलकाखेड़ी एवं निरखी माइनर के बैंक को कटाव से बचाने हेतु गाइड वॉल का निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 3.82 |
| 35 | 2025_WRD_445100 | जीजलवाड़ा माइनर की चैन क्र. 181 पर सतवासा माइनर नं. 01 एवं सतवासा माइनर 02 पर एच.आर. का पुर्ननिर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 3.17 |
| 36 | 2025_WRD_445101 | मकड़ाई उपनहर की जमुनिया माइनर पर चैन क्र. 55 एवं 97 पर फाल का पुर्ननिर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 3.16 |
| 37 | 2025_WRD_445144 | मध्यम एवं लघु सिंचाई संरचनाओं एवं तालाबों हेतु चौकीदार का प्रदाय। | अशोकनगर | 10.15 |
| 38 | 2025_WRD_445221 | अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 31.64 से 81.74 कि.मी. तक वितरिका 22 एल की आर.डी. 0 से 18.50 कि.मी. तक सफाई एवं मरम्मत कार्य। | मुरैना | 19.99 |
| 39 | 2025_WRD_445368 | लाईट मशीनरी एवं वि./यां. संभाग उज्जैन हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | उज्जैन | 3.42 |
| 40 | 2025_WRD_445440 | हंडिया शाखा नहर की हरदा और गोंदागांव डिस्ट्रीब्यूटरी नहरों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | हरदा | 2.75 |
| 41 | 2025_WRD_445758 | तहसील अशोकनगर के विभिन्न स्टाप डेम एवं वियर कम काजवे के गेट बंद एवं खोलने का कार्य। | अशोकनगर | 4.52 |
| 42 | 2025_WRD_446020 | पतलंगपुर बैराज के 4 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 11.10 |
| 43 | 2025_WRD_446021 | अवालीपुर बैराज के 4 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 11.10 |
| 44 | 2025_WRD_446024 | घटबोरी बैराज के 4 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 5.97 |
| 45 | 2025_WRD_446025 | खेजड़िया स्टापडेम के 4 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 3.01 |
| 46 | 2025_WRD_446026 | नयापुरा बैराज के 33 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 11.56 |
| 47 | 2025_WRD_446028 | पगरा बैराज के 7 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 2.77 |
| 48 | 2025_WRD_446030 | कोटरा बैराज के 18 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 5.61 |
| 49 | 2025_WRD_446031 | विभिन्न संभागों के जलद्वारों के लिये डब्लू.डब्लू. 90 हेड स्टाक (63 एम एम डाया नट) के प्रदाय कास्टिंग मशीनिंग एवं असेम्बली का कार्य। | भोपाल | 11.15 |
| 50 | 2025_WRD_446032 | जलद्वारों के निर्माण हेतु एम एस राउण्ड बार 63 एमएम के स्क्वेयर थ्रेडिंग का कार्य। | भोपाल | 1.86 |
| 51 | 2025_WRD_446426 | लाईट मशीनरी एवं वि./यां. संभाग नर्मदापुरम हेतु लेखन सामग्री का प्रदान। | नर्मदापुरम् | 2.16 |
| 52 | 2025_WRD_446463 | तवा परियोजना की आमपुरा माईनर की चैनेज 8.00 फॉल, चैनेज 228 के सायफन एवं हेड डाउन स्ट्रीम वॉल तथा सुपरली उपनहर की चैनेज 198 के फॉल का सुधार कार्य। | नर्मदापुरम् | 6.82 |
| | | | कुल योग | 338.77 |

जी-18129/25

● "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

## केंद्रीय मंत्री ऊईके ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से की मुलाकात

**अनोखा तीर, हरदा।** धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना की समीक्षा बैठक के लिए हरदा पहुंचे केंद्रीय मंत्री दुर्गादास ऊईके ने बैठक उपरांत भारतीय जनता पार्टी कार्यालय कमल कुंज में कार्यकर्ताओं और नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी से भेंट की। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह सहित नवनियुक्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सार-समाचार

### आदर्श महाविद्यालय में जैविक खाद बनाने दिया प्रशिक्षण

**अनोखा तीर, हरदा।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी सोनाली चौहान के नेतृत्व में जैविक खेती विषय पर अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के चौथे दिन विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की जैविक खाद बनाने का तरीका सिखाया गया। माइक्रोबायोलॉजी विशेषज्ञ आनंद वर्मा ने हरी एवं नील





हरित काई के उपयोग और उसके फायदे बताते हुए कहा कि यह खाद मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाती है और दीर्घकालिक परिणाम देती है। इससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नील हरित काई खाद बनाने की विधि का प्रशिक्षण भी दिया। रसायनशास्त्र की विशेषज्ञ गुरुपीत कौर गांधी ने नाडेप टांका खाद, पक्का नाडेप, टटिया नाडेप और भू-नाडेप के निर्माण की प्रक्रिया समझाई। वनस्पति विज्ञान के विशेषज्ञ गुणवंत माकोडे ने मटका खाद, जीवामृत, अमृत संजीवनी और पंचगव्य खाद बनाने की विधि बताई। साथ ही फसलों को कीटों और बीमारियों से बचाने के लिए जैविक कीटनाशक तैयार करने और उसके प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि इन जैविक खादों का निर्माण कर वे स्वयं का व्यवसाय भी शुरू कर सकते हैं। अंत में डॉ. हमना परवीन ने आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का समापन किया।

### एलबीएस कॉलेज में एनएसएस बी-सर्टिफिकेट परीक्षा संपन्न

**अनोखा तीर, हरदा।** लाल बहादुर शास्त्री व्यावसायिक अध्ययन महाविद्यालय हरदा में 4 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'बी-सर्टिफिकेट परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कुल 24 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर बाह्य परीक्षक के रूप में



राजेश गौर कार्यक्रम अधिकारी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा मौजूद रहे और लिखित परीक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया का निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान पूर्व जिला संगठक (रासेयो) जगदीश गौर तथा संस्था के उपप्राचार्य संजय भार्गव भी उपस्थित रहे। परीक्षा का संचालन कार्यक्रम अधिकारी हर्षा जायसवाल और दिनेश मेहरा ने किया। वहीं, राष्ट्रीय सेवा योजना की सहयोगी प्रांशु पारे ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं। यह परीक्षा स्वयंसेवकों के सेवाभाव और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बनी। आयोजन ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया और एनएसएस के आदर्शों को और अधिक मजबूत किया।

### एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के लिए कैलेंडर लॉन्च

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा-बैतूल संसदीय क्षेत्र के सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके की उपस्थिति में मेरा युवा भारत माय भारत हरदा द्वारा एक पेड़ मा के नाम 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत वार्षिक कैलेंडर लॉन्च किया गया। जिला युवा समन्वयक मोनिका चौधरी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य वर्षभर सघन वृक्षारोपण करना और हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के तहत जिलेभर मे निर्धारित कैलेंडर के अनुसार पौधारोपण किया जाएगा ताकि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा मिल सके। कैलेंडर लॉन्चिंग के दौरान सांसद दुर्गादास उइके के साथ पूर्व मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक संजय शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, संदीप पटेल, प्रहलाद पटेल, गया प्रसाद पांडे, बसंत सिंह राजपूत, पुरुषोत्तम झीझोरे, नितेश बादर, राजेश गोदारा, मनीष निशोद, जिला पंचायत सदस्य कमलेश सेजकर, ललित पटेल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खेलों के माध्यम से युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा दी जाए : केन्द्रीय मंत्री उइके

# सांसद खेल महोत्सव से ज्यादा से ज्यादा युवा जुड़े

अनोखा तीर, हरदा।

केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देने के प्रयास किये जाएं। खेलों से जुड़ने से वे कुसंगति से बचेंगे एवं अपनी व्यवस्थित दिनचर्या व स्वस्थ भविष्य तय कर सकेंगे। उन्होने कहा कि सांसद खेल महोत्सव से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ा जाए। इस महोत्सव को सफल बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। केन्द्रीय मंत्री श्री उईके गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री श्री उईके ने कहा कि जिले के खिलाड़ी इन खेलों के माध्यम से बेहतर प्रदर्शन करें एवं ग्राम स्तर से प्रतिभाएं खेलों के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचें। इस दौरान उन्होने सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की



कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा यह खेल महोत्सव ग्राम, विधानसभा एवं जिला इस प्रकार तीन स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रत्येक जिले के 10 प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें राष्ट्रीय खेल अकादमी में प्रशिक्षण मिलेगा। सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य नवोदित खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करना, स्थानीय खिलाड़ियों को पहचान दिलाना और युवाओं को अनुशासन, फिटनेस और खेल भावना से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि सभी जिला और जनपद स्तरीय अधिकारी सांसद खेल महोत्सव के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत रजिस्ट्रेशन में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री चौकसे ने बताया कि जिले में इस आयोजन को पूरी भव्यता एवं गरीमा के साथ सम्पन्न कराया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर ने खेल मैदानों के दुरूस्तीकरण के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला खेल अधिकारी सुश्री पटेल ने सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की बिन्दूवार रूप रेखा प्रस्तुत की।

# कांग्रेस की बैठक में हुआ मंथन

## जलकर वृद्धि और बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर सौंपा ज्ञापन



अनोखा तीर, हरदा।

जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिले की सह प्रभारी रचना जैन की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में सभी ब्लॉक, मंडलम और सेक्टर अध्यक्ष शामिल हुए। मुख्य उद्देश्य आगामी 'वोट चोर गद्दी छोड़' कार्यक्रम को लेकर चर्चा करना रहा। बैठक के बाद कांग्रेसजनों ने हरदा जिले में जलकर वृद्धि और भारी-भरकम बिजली बिलों के विरोध में एडीएम सतीश राय को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन विश्नोई, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय समन्वयक हेमंत टाले, किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रविशंकर शर्मा, आदित्य गार्गव, हरदा ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद व्यास, सोनतलाई ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र विश्नोई, रहटगांव ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन पटेल, खिरकिया ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सोलंकी, सेवादल जिला अध्यक्ष शहीद खान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमिला ठाकुर, रैना पालीवाल, श्यामलाल बाबल, कैलाश चतुर्वेदी, बद्री पटेल, मुकेश पराशर, रामदास तोमर, मुजाहिद अली, अमर रोचलानी, संजय जैन, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष भूपेश बाबल, धर्मेंद्र चौहान, अनिल विश्नोई, राजेश कलम, गोविंद सुरमा, प्रेरक सारण, अरुण तिवारी, शशि वर्मा, हरिशंकर पंवार, संतु राजपूत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक दोगने ने विद्यार्थियों को दी माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करने की सीख

**अनोखा तीर, हरदा।** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने अपने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्राम हंडिया पहुंचे और ग्रामीणजनों से मुलाकात कर उनके हाल-चाल जाने। इसके बाद उन्होंने ग्राम के श्री मंगल पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए विधायक डॉ. दोगने ने उन्हें जीवन में अनुशासन अपनाने तथा माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने हमें दिन में 24 घंटे दिए हैं। यदि छात्र जीवन में 8 घंटे विश्राम, 6 घंटे दैनिक दिनचर्या और 10 घंटे पढ़ाई में लगाए, तो निश्चित ही सफलता प्राप्त होगी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विधायक डॉ. दोगने और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में स्कूल संचालक विवेक तिवारी, विशाल तिवारी, हंडिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेश पटेल, अरुण तिवारी, सिद्धांत तिवारी, रामविलास धनगर, समीर तिवारी, विजय सूरमा, महेश राठौर, करामत अली, मीनाक्षी तिवारी सहित स्कूल स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।




**OFFICE OF THE KRISHI UPAJ MANDI SAMITI, HARDA, DISTT.-HARDA (M.P.)**

No/Nirman/2025-26 /1376 Harda, Dated : 04.09.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage rate E-Tender are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **Construction of Shed and Platform For Setting Up Cleaning, Grading And Packaging Plant At Mandi Yard Harda Distt-Harda 2025_MPSAM_449390_1, (Pac Amount Rs. 48.38 Lakh) And Drilling Of Tube Well (02 Nos) With Submersible Pump Complete At Mandi Yard Harda Distt- Harda 2025_MPSAM_449391_1 (Pac Amount Rs. 14.34 Lakh)** The following works Tender to be received online up to **5:30 PM on 29.09.2025.** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **https://mpmandiboard.in**

**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **https://mpmandiboard.in**

M.P. Madhyam/121923/2025 **SECRETARY**


## पिछले 24 घंटों में जिले में 21.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 21.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 34.3 मि.मी., टिमरनी में 28.2 मि.मी., खिरकिया में 3 मि.मी., सिराली में 20 मि.मी. तथा रहटगांव में 22.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 994.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 876.3 मि.मी., टिमरनी में 1153.5 मि.मी., खिरकिया में 1005.7 मि.मी., सिराली में 1016.5 तथा रहटगांव मे 920.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई।

## अन्नापुरा में झूला झूलते भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा

**अनोखा तीर, हरदा।** अन्नापुरा में जिला प्रेस क्लब के गणेश उत्सव में इस बार विशेष आकर्षण ब्रह्मांड में झूला झूलते श्रीगणेश की प्रतिमा विराजित की गई है। यह प्रतिमा पूर्ण रूप से बागली कलाकारों द्वारा मिट्टी से निर्मित की गई है, जो पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता का संदेश दे रही है। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष डी.एस. चौहान ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पिछले 30 वर्षों से यह आयोजन बिना किसी चंदे के स्वयं के खर्च पर किया जाता आ रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य उत्सव को जीवंत बनाए रखना और श्री गणेश की भक्ति में लीन होना है।




**कार्यालय माँ नर्मदा किसान उत्पादक सहकारी समिति मर्या. टिमरनी**
**पंजीयन क्रमांक/AR/HRD/122612 दिनांक 12/10/2022**

**-:: वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना ::-**

म.प्र. सहकारी अधिनियम 1960 की धारा 49 के तहत वार्षिक साधारण सम्मिलन माँ नर्मदा किसान उत्पादक सहकारी समिति मर्या. टिमरनी जिला-हरदा की बैठक दिनांक 20.09.2025 को मंदिर परिसर ग्राम बिच्छापुर तह. टिमरनी, जिला-हरदा पर समय दोपहर 12:00 बजे से आयोजित होगी। जिसमें समिति के सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। अगर आमसभा का कोरम पूरा नहीं होता है तो आधा घण्टे के लिये सभा स्थगित की जाकर पुनः उपरोक्त उल्लेखित स्थान पर आयोजित होगी और उसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

**बैठक का एजेण्डा निम्नानुसार है :-**

1. गत वित्तीय वर्ष के अंकेक्षण रिपोर्ट का वार्षिक आमसभा में अनुमोदन।
2. तत्कालीन वित्तीय वर्ष का लेखा जोखा निर्धारित करना।
3. संस्था के व्यवसाय विस्तार हेतु विभिन्न स्त्रोतों पर विचार करना।
4. संस्था की सदस्य संख्या विस्तार हेतु चर्चा।
5. वित्तीय वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण करने हेतु पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा अंकेक्षक की नियुक्ति की स्वीकृति।
6. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मुद्दों पर प्रस्ताव व अनुमोदन।

अध्यक्ष/प्रबंधक
माँ नर्मदा किसान उत्पादक सहकारी समिति मर्या. टिमरनी, जिला-हरदा


## हेल्प लाईन

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 100 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम स्टापर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# रहटगांव व टिमरनी में जनसुरक्षा शिविर सम्पन्न



अनोखा तीर, हरदा।

तहसील रहटगांव एवं टिमरनी में गुरूवार को जनसुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आरबीआई भोपाल के महाप्रबंधक हेमंत सोनी, उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक भोपाल राजेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक सुदीप मुसरे, एसबीआई बेतूल एस.एस. मीना, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक होशंगाबाद, डीजीएम सौरभ शिकरवार बैंक ऑफ इण्डिया खण्डवा अग्रणी जिला प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक जिला हरदा मनोज पवार एवं सभी शाखाओं के शाखा प्रबंधक इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनसुरक्षा योजना की जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में सरस्वती ज्ञान मंदिर हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा की छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनसुरक्षा योजना का नाट्य प्रदर्शन किया गया ताकि आम जनता तक इस योजनाओं की जानकारी पहुंच सकें एवं इस योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति ले सकें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनसुरक्षा योजना का प्रत्येक व्यक्ति को लाभ दिलाना है।





**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग हरदा**
**Office Email Id eeresharda@mp.gov.in Office Phone No. 07577-222519**

क्रमांक 1543/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2025-26 हरदा, दिनांक : 03/09/2025

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 08/2025-26**

संभाग अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाये आमंत्रित की गई है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**ऑनलाईन दो कवर पद्धति-**

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रुपए में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 |
| 1 | 2025_RES_445612 | शासकीय हायर सेकेण्ड्री कन्या शाला टिमरनी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | 1331308/- |
| 2 | 2025_RES_445614 | शासकीय माध्यमिक शाला हंडिया में कम्प्यूटर रूम हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 1331308/- |
| 3 | 2025_RES_445615 | माध्यमिक शाला चौकड़ी में कम्प्यूटर रूम हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 1331308/- |
| 4 | 2025_RES_445616 | शासकीय हायर सेकेण्ड्री कन्या शाला खिरकिया में अटल टिकरिंग लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 1331308/- |
| | | योग | 5325232/- |

उक्त निविदाओं को वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://mptenders.gov.in के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक दिनांक 11.09.2025 को समय 14.00 बजे तथा निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 26.09.2025 समय 17:30 बजे तक निर्धारित है। निविदा में होने वाले विस्तृत निविदा उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संसोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग हरदा

जी-18179/25

● "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

# संपादकीय

# बैकफुट पर डोनाल्ड ट्रंप...?

शक्ति का दंभ कई बार जल्दबाजी का वाहक बनता है और इस क्रम में जो फैसले लिए जाते हैं, अक्सर उन्हें लेकर ऊहापोह बना रहता है। ऐसी स्थिति में आशंकाओं के घेरे की वजह से विरोधाभासी प्रतिक्रियाएं स्वाभाविक होती हैं। अमेरिका ने जिस तरह एकतरफा तौर पर अपने यहां आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाने का फैसला किया, वह पहले ही सवालों के घेरे में था। उसके बाद जब उसने रूस से तेल खरीदने को लेकर भी भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की, तब यह साफ था कि वह व्यापार वार्ता में अपनी शर्तों पर भारत की हामी चाहता है।

मगर पिछले कई दशकों के दौरान भारत और अमेरिका के बीच व्यापार का जो स्वरूप खड़ा हुआ है, उसमें भारत के लिए अमेरिका की हर बात मानना संभव नहीं है। यही वजह है कि अमेरिका के रुख में सख्ती के समांतर भारत ने झुकने के बजाय अपने लिए वैकल्पिक उपायों पर विचार करना शुरू कर दिया। एक शानदार कूटनीति का परिचय देते हुए भारत ने रूस और चीन के साथ बातचीत को आगे बढ़ाया और चीन के तियानजिन में हुए शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन के घोषणापत्र में भी अपने हित के मुद्दे को शामिल कराने में कामयाबी हासिल की।

गौरतलब है कि रूस और भारत के बीच लंबे समय से मजबूत संबंध रहे हैं। चीन के साथ सीमा विवाद के कई प्रश्न हैं और उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती, लेकिन फिलहाल आर्थिक मुद्दों को केंद्र में रख कर भारत ने जो कूटनीतिक बिसात तैयार की है, उसमें रूस भी अहम भूमिका में है। अगर रूस और चीन के साथ संबंध सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े, तब स्वाभाविक ही इससे एक



नया समीकरण बनेगा, जो आर्थिक और सामरिक दृष्टि से अमेरिका के लिए चुनौती साबित हो सकता है। यही वजह है कि शुल्क लगाने को लेकर बेहद हड़बड़ी में कदम उठाने के बाद से ही अमेरिका के राष्ट्रपति और अन्य नेताओं के आए दिन ऐसे बयान सामने आ रहे हैं, जिससे ऐसा लगता कि वे दबाव पैदा करके भारत के फैसलों को प्रभावित करना चाहते हैं। अमेरिका की ओर से एक दिन शुल्क लगाने से उपजी समस्या का समाधान निकालने की उम्मीद जताई जाती है, तो अगले ही दिन धमकी या दबाव की भाषा अख्तियार कर ली जाती है। भारत ने अगर चीन में शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में ठोस भागीदारी के साथ-साथ रूस और चीन के साथ संबंधों को एक नया आयाम देने की कोशिश की, तो इसमें अमेरिका के विरोधाभासी रवैये की भी बड़ी भूमिका है।

यह विचित्र है कि बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच अमेरिका को यह समझने की जरूरत नहीं लगी कि अब दुनिया एकध्रुवीय नहीं रह गई है। भारत निश्चित रूप से अपने हित में अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को एक संतुलित आकार देना चाहता है, लेकिन अमेरिका के लिए अपनी शर्तें ज्यादा अहम हो गई लगती हैं। यही वजह है कि भारत ने वैकल्पिक उपाय के रूप में रूस और चीन के साथ सहयोग के मोर्चे की दिशा में ठोस कदम उठाए।

जब इसके नतीजे में रूस और चीन की ओर से भारत को लेकर एक विवेकसम्मत प्रतिक्रिया देखने को मिलने लगी है, तो अमेरिका के व्यापार सलाहकार इसे चिंताजनक बता रहे हैं। सवाल यह है कि अगर अमेरिका अपने ही विरोधाभासी फैसलों से घिरा रहता है, तो उसे भारत के अपने हित में उठाए गए कदमों से परेशानी क्यों होनी चाहिए। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बहुध्रुवीय विश्व में अमेरिका सहित किसी भी एक देश की मनमानी नहीं चल सकती।

## सर्व पल्ली डॉ. राधा कृष्णन

## गुरू की महिमा



गुरु ज्ञान बड़ा है जग में सुमिरन करूं में नाम,
धोकर व्यथा का मेल !
करूं गुरु का ध्यान पुनर्जन्म के फेरे में,
मुक्त न हो पाया जीवन !
दिव्य प्रकाश के अज्ञान में भटक रहा मन,
गुरू ज्ञान जिसे मिले बन जाता संजीव !
तमस बसा अंतर्मन में धन दौलत की मोह,
कर रहा दुराचार तमस बना अभिमान !
बचाने आएंगे गुरुवर दुर्गम जगत की खोह
मन की व्यथा धोकर क्यों गुरू का ध्यान !
गुरू कृपा ही बदल देगी जीवन की हर बात,
गुरूवार मिलने आएंगे एक दिन ढूंढेंगे द्वार !
शरणागत होकर कर तू शत शत नमन,
सुगम सरल हो जाएगी जीवन की तेरी धार !


**(गोविन्द सूचिक अदनासा जिला -हरदा)**
**नर्मदापुरम संभाग मध्यप्रदेश**



## गुरुदेव

माता-पिता ही है सर्व प्रथम गुरु अबोध बालक के,
गढ़ते शुभ संस्कार व अनमोल अनुभव जीवन के,
करो सदैव ही तुम अपने माता-पिता का आदर,
ताकि भरी रहे आनंद खुशियों से जीवन गागर।

शिक्षा का सुरक्षित कवच धारण करना है आवश्यक,
जीवन के अंजाने उतार चढ़ाव में यही बनती सहायक,
अशिक्षा से जीवन में जन्म लेती है भयावह कुरीतियाँ,
शिक्षा से संवरती और निखरती है करोड़ों ज़िंदगियाँ।



मेहनत के सुंदर पुष्प दक्षिणा स्वरूप करो तुम अर्पण,
अपने गुरूदेव के प्रति हो सत्यनिष्ठा सेवाभाव समर्पण,
सजा लो अपने जीवन के खूबसूरत सुखद दिनमान,
गुरु की दी हुई शिक्षा का करो तुम हृदय से सम्मान।

उच्चतम मर्यादाओं का जीवन में किया हो सुश्रृंगार,
करते रहो गुरुवर के प्रति कृतज्ञता, प्रेम व आभार,
मधुर आचरण व्यवहार मधुर वाणी से हो सुवासित,
ज्ञानमय ज्योत से जीवन ज्योति हो नित प्रकाशित।

तमस को मिटाकर भरो इन्द्रधनुषी रंगत जीवन में,
हो ज्ञान रूपी दृढ़ आत्मविश्वास संकल्पित मन में,
आभासी दुनिया में अकेला समझ मत खो जाना,
गुरुवर का हाथ पकड़ सद्मार्ग पर बस चलते जाना।

**- मोनिका डागा आनंद, चेन्नई, तमिलनाडु**

## शिक्षक दिवस विशेष...

### प्रौद्योगिकी और मानवता के बीच संतुलन स्थापित करने में

# शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका

**प्राचीन काल में गुरुकुल प्रणाली मौखिक थी, मध्ययुग में पुस्तकों का आगमन हुआ और अब डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन शिक्षण ने क्रांति ला दी है। ओईसीडी की हाल की रिपोर्ट में उल्लेख है कि शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा के लिए प्रशिक्षित करना आवश्यक है, ताकि वे छात्रों को जोखिमों से बचाते हुए लाभ प्रदान कर सकें। डिजिटल युग में शिक्षक की प्राथमिक भूमिका मार्गदर्शक की है। वे छात्रों को ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित और निर्देशित करते हैं, न कि केवल सूचना प्रदान करते हैं। आज फ्लिप्ड क्लासरूम में छात्र घर पर वीडियो देखते हैं और कक्षा में विचार-विमर्श करते हैं। शिक्षक यहां मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं, जो छात्रों की जिज्ञासा को सही दिशा देते हैं।**



**-संदीप सृजन**


डिजिटल युग ने शिक्षा के परिदृश्य को पूर्णतः परिवर्तित कर दिया है। पहले शिक्षक कक्षा में ब्लैकबोर्ड और पुस्तकों के माध्यम से ज्ञान प्रदान करते थे, किन्तु आज वे डिजिटल उपकरणों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऑनलाइन मंचों के साथ मिलकर छात्रों को भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं। आज जब हम डिजिटल परिवर्तन के शिखर पर हैं, शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान वितरक से बदलकर मार्गदर्शक, परामर्शदाता और नवप्रवर्तक की हो गई है। आज शिक्षक डिजिटल उपकरणों का उपयोग कर शिक्षा को अधिक समावेशी, व्यक्तिगत और प्रभावशाली बना रहे हैं। डिजिटल युग की शुरुआत इंटरनेट और कंप्यूटर के प्रसार से हुई, परन्तु 2020 की कोविड-19 महामारी ने इसे तीव्र गति प्रदान की। ऑनलाइन कक्षाएं, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म्स ने शिक्षा को घर-घर तक पहुंचाया। यूनेस्को की सन् 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व भर में 80 प्रतिशत से अधिक छात्र डिजिटल उपकरणों से जुड़े हैं। इस परिवर्तन में शिक्षक की भूमिका केंद्रीय है। वे अब केवल लेक्चर देने वाले नहीं, अपितु डिजिटल सामग्री निर्माता (कंटेंट क्रिएटर) हैं, जो वीडियो, इंटरएक्टिव क्विज और वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से शिक्षा प्रदान करते हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से, शिक्षा हमेशा तकनीकी प्रगति से प्रभावित रही है। प्राचीन काल में गुरुकुल प्रणाली मौखिक थी, मध्ययुग में पुस्तकों का आगमन हुआ और अब डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन शिक्षण ने क्रांति ला दी है। ओईसीडी की हाल की रिपोर्ट में उल्लेख है कि शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा के लिए प्रशिक्षित करना आवश्यक है, ताकि वे छात्रों को जोखिमों से बचाते हुए लाभ प्रदान कर सकें। डिजिटल युग में शिक्षक की प्राथमिक भूमिका मार्गदर्शक की है। वे छात्रों को ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित और निर्देशित करते हैं, न कि केवल सूचना प्रदान करते हैं। आज फ्लिप्ड क्लासरूम में छात्र घर पर वीडियो देखते हैं और कक्षा में विचार-विमर्श करते हैं। शिक्षक यहां मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं, जो छात्रों की जिज्ञासा को सही दिशा देते हैं। दूसरी भूमिका परामर्शदाता की है। डिजिटल युग में सूचनाओं की प्रचुरता के बावजूद, छात्रों को सही दिशा की आवश्यकता होती है। शिक्षक व्यक्तिगत शिक्षण पथ तैयार करते हैं, जहां एआई के माध्यम से छात्र की कमजोरियों का विश्लेषण होता है और शिक्षक व्यक्तिगत फीडबैक प्रदान करते हैं। तीसरी भूमिका नवप्रवर्तक की है। शिक्षक डिजिटल उपकरणों का उपयोग कर नवीन शिक्षण विधियां विकसित करते हैं। उदाहरण के लिए, वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से इतिहास की घटनाओं को जीवंत करना या खेल- आधारित शिक्षण द्वारा गणित सिखाना। एक अध्ययन के अनुसार, डिजिटल मंच शिक्षकों के ज्ञान साझाकरण को बढ़ावा देते हैं, जिससे वे वैश्विक स्तर पर सहयोग कर पाते हैं। डिजिटल युग में शिक्षकों के समक्ष कई चुनौतियां हैं। सबसे बड़ी चुनौती है डिजिटल डिवाइस। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और उपकरणों



की कमी के कारण छात्र पिछड़ जाते हैं। यूनेस्को के अनुसार, सन् 2025 में भी विकासशील देशों में 40 प्रतिशत शिक्षक डिजिटल उपकरणों से अपरिचित हैं। शिक्षकों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है, किन्तु कई देशों में यह अपर्याप्त है। ओईसीडी की रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि डिजिटल शिक्षा के लिए शिक्षकों को सक्षम बनाने पर ध्यान देना चाहिए। दूसरी चुनौती साइबर सुरक्षा और गोपनीयता की है। ऑनलाइन कक्षाओं में डेटा लीक का खतरा रहता है। शिक्षकों को छात्रों को साइबर धमकी से बचाने की आवश्यकता है। साथ ही, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से साहित्यिक चोरी बढ़ सकती है, जिसके लिए शिक्षकों को मूल्यांकन विधियों में परिवर्तन करना पड़ता है। अनिच्छुक शिक्षकों को प्रौद्योगिकी अपनाने में सहायता की आवश्यकता है। मानसिक स्वास्थ्य भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। डिजिटल कक्षाएं शिक्षकों पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं, जैसे 24 घण्टे उपलब्धता। एक अध्ययन के अनुसार, कई शिक्षक कार्यभार के कारण तनावग्रस्त हो रहे हैं। चुनौतियों के बावजूद, डिजिटल युग शिक्षकों के लिए अवसरों से परिपूर्ण है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षकों को नियमित कार्यों, जैसे ग्रेडिंग या लेसन प्लानिंग से मुक्त करती है, जिससे वे रचनात्मकता पर ध्यान दे सकें। कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग (सीओएल) की सन् 2025 की रिपोर्ट में उल्लेख है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षकों को सशक्त बनाती है। उदाहरण के लिए एआई टूल्स छात्रों की प्रगति का अनुसरण करते हैं और शिक्षकों को अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।

वर्चुअल रियलिटी और ऑगमेंटेड रियलिटी शिक्षा को गहन बनाते हैं। शिक्षक वर्चुअल टूर्स आयोजित करते हैं, जैसे मंगल ग्रह की सैर या ऐतिहासिक घटनाओं का अनुभव। अमेरिकन एसपीसीसी के अनुसार, डिजिटल युग में शिक्षा का विकास हो रहा है, जहां शिक्षक मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। व्यक्तिगत शिक्षण एक बड़ा अवसर है। डिजिटल उपकरण छात्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप सामग्री अनुकूलित करते हैं। शिक्षक डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर छात्रों की सहायता करते हैं। लिंक्डइन के एक लेख में सन् 2025 में एआई-पावर्ड क्लासरूम्स की चर्चा है, जहां शिक्षक एआई को सहायक के रूप में उपयोग करते हैं। वैश्विक स्तर पर, नाइजीरिया जैसे देशों में टीआरसीएन डिजिटल पोर्टल शुरू कर शिक्षकों को आधुनिक बना रहा है। भारत में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 डिजिटल शिक्षा पर बल देती है। शिक्षक दीक्षा और स्वयं जैसे मंचों का उपयोग करते हैं। किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी की कमी जैसी चुनौतियां हैं। सन् 2025 में, भारतीय शिक्षक कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एकीकृत कर रहे हैं, परन्तु प्रशिक्षण की कमी एक बाधा है। आने वाले समय में शिक्षक की भूमिका और अधिक विकसित होगी। मेटावर्स में आभासी कक्षाएं (वर्चुअल क्लासरूम्स) होंगी, जहां छात्र अवतार के रूप में भाग लेंगे। शिक्षक कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ सहयोग करेंगे, किन्तु मानवीय संपर्क का महत्व बना रहेगा। एनसी स्टेट यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता युग में शिक्षकों का मानवीय संबंध अधिक महत्वपूर्ण है। शिक्षकों को निरंतर प्रशिक्षण की आवश्यकता है। सरकारों को निवेश करना चाहिए, जैसे ग्लोबल पार्टनरशिप फॉर एजुकेशन (जीपीई) जो प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करता है। भविष्य में, शिक्षक सृजन अर्थव्यवस्था (क्रिएटर इकोनॉमी) का हिस्सा बनेंगे, जैसे सेजटूलर्न मंच पर पाठ्यक्रम बनाकर आय अर्जित करेंगे। डिजिटल युग में शिक्षक की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। वे सृजनकर्ता हैं, जो डिजिटल उपकरणों के माध्यम से शिक्षा को सशक्त बनाते हैं। चुनौतियां हैं, परन्तु अवसर अधिक हैं। समाज को शिक्षकों का समर्थन करना चाहिए, ताकि वे छात्रों को भविष्य के लिए तैयार कर सकें। जैसा कि हायर एजुकेशन रिव्यू में उल्लेखित है, शिक्षक शिक्षण के मार्गदर्शक, सहयोगी और आजीवन शिक्षार्थी हैं। अंततः, डिजिटल युग शिक्षक को एक सुपरहीरो बनाता है, जो प्रौद्योगिकी और मानवता के बीच संतुलन स्थापित करता है।

# शिक्षक पढ़ाता है, गुरु जगाता है, दोनों के साथ से ही जीवन की संपूर्णता



**- विजय कुमार शर्मा**

भारतीय संस्कृति में ज्ञान को देवत्व का स्थान दिया गया है। विद्या को सरस्वती का वरदान और शिक्षा को जीवन का दीपक माना गया है। किंतु इस ज्ञान की यात्रा में हमें दो रूप मिलते हैं - एक है शिक्षक, जो हमें पढ़ाता है और दूसरा है गुरु, जो हमें जगाता है। दोनों पूजनीय हैं, दोनों आवश्यक हैं, किंतु दोनों की भूमिका और प्रभाव में गहरा अंतर है। शिक्षक वह है जो किसी विद्यालय या संस्थान में बैठकर हमें पाठ्य विषयों का ज्ञान कराता है। उसकी वाणी से अक्षरों की ध्वनि निकलती है, पुस्तकों के सूत्र जीवन का हिस्सा बनते हैं और परिश्रम से विद्यार्थी परीक्षा में सफल होकर करियर की सीढ़ियां चढ़ते हैं। शिक्षक हमारी बुद्धि को धार देता है और हमें समाज में आगे बढ़ने योग्य बनाता है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, लेखक और अधिकारी- सब किसी न किसी शिक्षक की मेहनत का परिणाम हैं। शिक्षक वह दीपक है जो अंधकार में दिशा दिखाता है और हमें जीविका के साधन उपलब्ध कराता है। लेकिन केवल पढ़ा देने से जीवन संपूर्ण नहीं होता। जीवन में ऐसे प्रश्न आते हैं जिनका उत्तर किताबों से नहीं मिलता। मन के संशय, आत्मा की पीड़ा और जीवन की दिशा तब तक अस्पष्ट रहती है जब तक कोई गुरु उन्हें दूर न करे। गुरु का कार्य शिष्य को केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि उसके भीतर छिपे ज्ञान को जागृत करना है। शिक्षक से हम पाठ याद करते हैं, पर गुरु से हम जीवन का अर्थ समझते हैं। शिक्षक हमारे मस्तिष्क को प्रशिक्षित करता है, पर गुरु हमारी आत्मा को स्पर्श करता है।

यही कारण है कि भारत की परंपरा में गुरु को देवत्व तक माना गया। कहा गया-

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः,
गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः।।

इस श्लोक में गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान पूजनीय बताया गया है। गुरु केवल हमें विषय में दक्ष नहीं बनाता, बल्कि हमें धर्म, सदाचार और आत्मबल से भी परिपूर्ण करता है। कृष्ण ने अर्जुन को युद्धभूमि में केवल शस्त्र विद्या ही नहीं दी, बल्कि गीता के माध्यम से जीवन का परम सत्य बताया। यही गुरु की पहचान है- वह शिष्य के मोह को तोड़कर सत्य का मार्ग दिखाता है। आज के



समय में शिक्षक और गुरु दोनों की आवश्यकता है। शिक्षक हमें जीवन जीने का साधन देता है, पर गुरु हमें जीवन जीने का सार समझाता है। शिक्षक हमें नौकरी दिला सकता है, पर गुरु हमें मोक्ष की ओर ले जा सकता है। शिक्षक पढ़ाता है कि प्रश्नों के उत्तर कैसे लिखें, पर गुरु जगाता है कि जीवन के प्रश्नों का उत्तर कैसे जियें। शिक्षक हमारी बुद्धि को तेज करता है, गुरु हमारी चेतना को प्रज्वलित करता है। यही कारण है कि हम शिक्षक दिवस भी मनाते हैं और गुरु पूर्णिमा भी। एक दिन आधुनिक शिक्षा को सम्मान देने का है, और दूसरा सनातन परंपरा के उस दिव्य संबंध को प्रणाम करने का, जो गुरु और शिष्य के बीच आत्मीय बंधन के रूप में स्थापित है। हमारी संस्कृति में भी शिक्षा का उद्देश्य केवल अक्षरों को पढ़ाना नहीं, बल्कि आत्मा को जगाना है। शिक्षक पढ़ाता है, गुरु जगाता है और जब यह दोनों साथ मिलते हैं, तभी जीवन की संपूर्णता प्रकट होती है।

## शिक्षक दिवस विशेष

## गुरू-शिष्य



गुरू माता गुरू पिता
इनसे ना बढ़कर कोई
सदगुरू मिल जाए तो
जीवन उज्जवल होय

जीवन उज्जवल होय
लोग गुरू की महिमा जाने नाही
पर जाने भी कैसे?
शिष्य एकलव्य नाही

हें गुरू ! ज्ञान के दाता
मैं आपकी शरण में आता
आप मेरा मार्गदर्शन कीजिए
आप ही मेरे भावी भाग्य विधाता

पंक्तियों का विश्लेषणः

गुरू माता गुरू पिता इनसे ना बढ़कर कोई-

यह पंक्तियां गुरु के महत्व को माता-पिता के समान या उनसे भी बढ़कर मानती हैं। गुरु वह व्यक्ति होता है जो विद्या दान करता है और सही मार्ग दिखाता है।

सदगुरू मिल जाए तो जीवन उज्जवल होय-

यह बताता है कि एक सच्चा गुरु (सदगुरु) मिल जाने पर व्यक्ति का जीवन ज्ञान के प्रकाश से भर जाता है और वह समृद्ध हो जाता है।

लोग गुरू की महिमा जाने नाही पर जाने भी कैसे शिष्य एकलव्य नाही-

यहां गुरु की महिमा को न जानने वाले लोगों पर टिप्पणी की गई है। यह पंक्तियां उस समय के समाज की ओर इशारा करती हैं जब एकलव्य जैसा शिष्य नहीं है जो गुरु के महत्व को समझता।

हैं गुरू ! ज्ञान के दाता / मैं आपकी शरण में आता / आप मेरा मार्गदर्शन कीजिए / आप ही मेरे भावी भाग्य विधाता-

यहां भक्त अपने गुरु से ज्ञान प्राप्त करने और मार्गदर्शन की याचना कर रहा है। गुरु ही वह हैं जो भक्त को सही राह दिखाते हैं और उसके भविष्य को संवारते हैं।

संक्षेप में, यह रचना गुरु के प्रति सम्मान और समर्पण व्यक्त करती है, जहां उन्हें ज्ञान का भंडार माना जाता है और उनसे अपने जीवन का मार्ग प्रशस्त करने की प्रार्थना की जाती है।

**-प्रदीप सिंह तंवर भूतपूर्व सैनिक जयपुर राजस्थान**

## सार-समाचार

### खंडवा में तैयार होंगे जंप रोप के खिलाड़ी, दी ट्रेनिंग

**अनोखा तीर, खंडवा।** मध्य प्रदेश जंप रोप एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें उज्जैन से आए जंप रोप के राष्ट्रीय खिलाड़ी अभिषेक परमार और अक्षत जैन ने विशेष तकनीकों की जानकारी दी और छात्रों को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर



बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। निमाड़ ताइक्कांडो क्लब के कोच फैज़ान खान, मोहम्मद ज़ैद और राष्ट्रीय खिलाड़ी अमित कुशवाहा, आदर्श बिसारे, शिवांश कुशवाहा, मोह अली, खदीजा खान, लेबा खान ने दोनों ट्रेनर्स का स्वागत किया। वहीं, मुगीस खान, राजेंद्र राजपूत, भगवान दास सुंगट, हिमांशु प्रजापति और सागर सोलंकी ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। निमाड़ ताइक्कांडो क्लब द्वारा समय-समय पर इस तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। क्लब के कोच राजेंद्र राजपूत ने बताया कि आने वाले समय में जंप रोप के खिलाड़ी भी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार होंगे। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में टीआर पटेल स्कूल, निमाड़ ताइक्कांडो क्लब और एसएसटी क्लब के बच्चों ने हिस्सा लिया।

### चिंतामन गणेश को लगाए छप्पन भोग

**अनोखा तीर, खरगोन।** इन दिनों शहर में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। हर गली-मोहल्ले में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा बप्पा की झांकी सजाई गई है और प्रतिदिन सुबह-शाम आरती हो रही है। शहर के गणेश



मंदिरों में भी भगवान गणेश का पूजन-अर्चन और महाआरती संपन्न हो रही है। इसी क्रम में जमींदार मोहल्ले स्थित चिंतामन गणेश मंदिर में गुरुवार रात गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान चिंतामन गणेश को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। महाआरती के बाद छप्पन भोग की प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर पुजारी मंथन जोशी ने बताया कि छप्पन भोग में मोदक, मोतीचूर लड्डू, काजू कतली, रसमलाई, गुलाब जामुन, गुपचुप मिठाई, खमण, आगरा का पेठा, मावा बाटी, मक्खन बड़ा, इमरती सहित विभिन्न प्रकार के फल और अन्य व्यंजन शामिल थे। मंदिर समिति सदस्यों ने बताया कि गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह और रात 8.30 बजे भगवान चिंतामन गणेश, मां हिंगलाज और भगवान शिव की आरती की जा रही है।

### खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या आज

● कालिंदी कुंज सेवा समिति खरगोन करेगी भव्य आयोजन ● बाबा श्याम के जयकारों से गूंजेगा पूरा परिसर, भक्तिमय वातावरण में होगा आयोजन

**अनोखा तीर, खरगोन।** गणेश उत्सव के पावन अवसर पर कालिंदी कुंज सेवा समिति खरगोन द्वारा इस वर्ष भी बाबा श्याम का दरबार सजाया जाएगा। समिति के तत्वावधान में आज शुक्रवार को रात्रि 8 :30 बजे कालिंदी कुंज कॉलोनी स्थित शिव मंदिर परिसर टीनशेड, खरगोन में



भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर खाटू श्याम बाबा का अलौकिक दरबार सजाकर भक्तिमय वातावरण तैयार किया जाएगा। इस दौरान प्रसिद्ध गायक कलाकार अपने भजनों की मधुर प्रस्तुतियां देंगे और भक्तों को श्याम प्रेम में सराबोर करेंगे। समिति अध्यक्ष प्रकाश वारिया एवं सभी समिति सदस्यों ने नगरवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा श्याम के भजनों का रसपान करने तथा उनका दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# खंडवा जेसीआई का वाह क्या झांकी है

**स्थायी झांकियों के पुरस्कार के लिए जेसीआई क्लब का निरीक्षण, 9 सितंबर को होगा सम्मान**

**अनोखा तीर, खंडवा।**

पिछले 26 वर्षों से लगातार खंडवा जेसीआई वाह क्या झांकी है के माध्यम से शहर की स्थायी झांकियों को प्रोत्साहन और सम्मानित करती आ रही है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस वर्ष भी खंडवा जेसीआई का निर्णायक मंडल शहर के माली कुआं, बड़ा बम, सेठी नगर, सिंधी कॉलोनी, आनंद नगर, पड़ावा, ज्वाला देवी, पदम नगर, गौशाला, कुंडलेश्वर वार्ड, शनि मंदिर, अनाज मंडी, बजरंग चौक, सराफा रामगंज, बुधवारा, बस स्टैंड, इंदिरा चौक, पंजाब कॉलोनी, एनवीडीए कॉलोनी सहित विभिन्न पंडालों में पहुंचा। मंडल ने वहां शानदार झांकियों के लिए बधाई दी। इन झांकी बनाने वालों को 9 सितंबर को गौरीकुंज सभागृह में जेसी सप्ताह के दौरान सम्मानित किया जाएगा।



अध्यक्ष सुजाता मोरे ने कहा कि लोग 10 दिन तक दर्शन का लाभ लें और शहर में धार्मिक माहौल बना रहे, इसी उद्देश्य से जेसीआई खंडवा यह पहल कर रही है। जेसीआई के पूर्व अध्यक्ष अनिल बाहेती ने बताया कि पहले केवल कुछ स्थानों पर झांकियां लगती थीं, लेकिन अब पूरे शहर में झांकियां सजाई जाती हैं और इससे शहर का वातावरण धार्मिक और उत्साहपूर्ण हो गया है। इस अवसर पर सुजाता मोरे, नागेश वालंजकर, देव महोबिया, हर्षदीप अग्रवाल, डॉ. मेघा प्रजापति, सचिव प्रिंस जिंदल, जेएसी अध्यक्ष हेमंत मुंदड़ा, सचिव दीपक सोलंकी, विकास मित्तल, ज्योति वालंजकर, अनुज खंडेलवाल, रुद्राक्ष चौहान, कुशाग्र चटकले, सावन पालीवाल, शिवम अग्रवाल, प्रेरित जैन, अवनी चटकले, मनन सोनी सहित पूरी टीम ने शहर का भ्रमण किया।

## डोल ग्यारस पर प्राचीन गणेश मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता

**अनोखा तीर, खंडवा।**

प्रथम पूजनीय भगवान गणेश का दस दिवसीय गणेश महोत्सव चल रहा है। घरों के साथ ही नगर के प्रमुख स्थानों और चौराहों पर आकर्षक प्रतिमाएं और झांकियां स्थापित की गई हैं। इसी क्रम में 700 वर्ष प्राचीन शहर के सराफा स्थित गणेश मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि डोल ग्यारस के दिन बुधवार को भगवान गणेश की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी नरेंद्र शर्मा और अंबिकेश शर्मा ने मंदिर को फूलों से सजाया। शाम 8 बजे आयोजित महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। देर रात 12 बजे तक श्रद्धालु भगवान गणेश के दर्शन करने पहुंचे और लड्डू का भोग लगाया।



## शिक्षक दिवस पर विशेष...

### झुमरखाली की शिक्षिका नीतू ठाकुर के नवाचारों से बच्चों की उपस्थिति बढ़ी, परीक्षा परिणाम भी सुधरे

**अनोखा तीर, खंडवा।**



जिले के हरसूद विकासखंड की शासकीय प्राथमिक शाला झुमरखाली की नवाचारी शिक्षिका नीतू ठाकुर ने शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए अनोखे प्रयास किए हैं। उन्होंने पढ़ाई को खेल, कविता, कला और अन्य गतिविधियों से जोड़कर सरल और मनोरंजक बनाया। इससे बच्चों की उपस्थिति बढ़ी, शिक्षा के प्रति रुचि जागी और परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

#### रोल-प्ले और खेलों के माध्यम से पढ़ाई

विद्यालय में पढ़ाई को गीत, कविता, रोल-प्ले, कहानी, चित्रकला, नाटक और सामूहिक खेलों के माध्यम से जोड़ा गया। कक्षा की दीवारों पर शैक्षिक चार्ट, चित्र, शब्द-दीवार, गणितीय आकृतियाँ और रंगीन सामग्री लगाई गई। बच्चों को स्वयं सामग्री तैयार कर कक्षा में लगाने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे उनकी सक्रिय भागीदारी और सीखने का स्तर बढ़ा।

#### नियमित उपस्थिति और टोली प्रणाली

नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए टोली बनाई गई। टोली सदस्य अनुपस्थित बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित करते हैं। यदि कोई बच्चा बिना कारण अनुपस्थित रहता है तो अभिभावकों को फोन कर सूचना दी जाती है। इस प्रयास से उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

#### आत्मविश्वास और सर्वांगीण विकास

बच्चे आत्मविश्वास के साथ मंच पर कविता सुनाने, भूमिका निभाने और प्रश्नों के उत्तर देने लगे हैं। विद्यालय में हैंड्स-ऑन लर्निंग पर जोर दिया जा रहा है। बच्चे चार्ट बनाना, बीज बोना, रंग भरना, प्रयोग करना और छोटी वस्तुएँ तैयार करना सीख रहे हैं। इससे उनमें कौशल-विकास, रचनात्मकता और स्वावलंबन की भावना विकसित हो रही है।

#### स्वच्छ और आकर्षक वातावरण

विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण, चित्रकला, सजावट और स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरणादायक वातावरण मिलता है।

#### समुदाय और अभिभावकों की भागीदारी

गांव के लोग विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग कर रहे हैं – पौधे लगाना, गर्मियों में पेड़ों को पानी देना, सामग्री उपलब्ध कराना और परिसर की साफ-सफाई करना। अभिभावक बच्चों की पढ़ाई पर नजर रखते हैं और विद्यालय के विकास में सहयोग देते हैं। नीतू ठाकुर के नवाचारों और समुदाय के सहयोग से हरसूद विकासखंड की शासकीय प्राथमिक शाला झुमरखाली एक आदर्श विद्यालय की दिशा में आगे बढ़ रही है।

## नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े में राजेश और ममता कनाडे ने की देहदान की घोषणा

**अनोखा तीर, खंडवा।**

सक्षम संस्था और लायन्स क्लब खंडवा द्वारा नेत्रदान, देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के सहयोग से नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े में प्रतिदिन विभिन्न स्थानों



पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन्हीं कार्यक्रमों से प्रभावित होकर राधास्वामी संप्रदाय के गुरुजी की प्रेरणा से ग्राम छैगांव देवी निवासी राजेश कनाडे और उनकी पत्नी ममता कनाडे ने मरणोपरांत देहदान की घोषणा की। सक्षम खंडवा के अध्यक्ष और समिति संयोजक नारायण बाहेती ने बताया कि पुत्र सत्यम कनाडे की सहमति के साथ दंपत्ति ने देहदान घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर समिति को सौंपा। इस प्रक्रिया में लायन्स नेत्रदान एवं देहदान जनजागृति समिति के नारायण बाहेती, डॉ. सोमिल जैन, प्रहलाद तिरोले, अनिल बाहेती, सुरेंद्रसिंह सोलंकी, डॉ. राधेश्याम पटेल, राजीव शर्मा, सुनील जैन, गांधीप्रसाद गदले, राजीव मालवीय, घनश्याम वाधवा, आशा उपाध्याय, उज्ज्वला मुंदड़ा, लियो सुमीत परिहार सहित सक्षम संस्था, लायन्स क्लब, लियो क्लब खंडवा, महर्षि दधीचि समिति और मेडिकल कॉलेज खंडवा का सहयोग रहा। समिति के माध्यम से यह 157वां देहदान घोषणा पत्र भरा गया। घोषणा पत्र सौंपते हुए कनाडे दंपत्ति ने कहा कि मरने के बाद शरीर को जलाने से अच्छा है कि वह किसी के काम आए। हमारी आंखों से किसी के जीवन में उजाला हो और मृत देह से मेडिकल विद्यार्थी प्रशिक्षण पाकर अच्छे डॉक्टर बनें व समाज की सेवा करें। नारायण बाहेती ने बताया कि समिति के सहयोग से अब तक 18 देह मेडिकल कॉलेज को सौंपी गई हैं।

# एक बगिया मां के नाम परियोजना में खंडवा जिला व विकासखंड टॉप 5 में

**अनोखा तीर, खंडवा।**

एक बगिया मां के नाम परियोजना के क्रियान्वयन में आज की स्थिति में प्रदेश के टॉप 5 जिलो में खंडवा, सिंगरौली, बैतूल, देवास और आगर मालवा जिले शामिल है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर नागार्जुन बी गौड़ा ने बताया कि प्रदेश के टॉप 5 विकासखंडों में भी खंडवा विकासखंड शामिल हे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य विकासखंडों में चितरंगी, पंधाना, पुनासा और खालवा विकासखंड शामिल है। उल्लेखनीय है कि एक बगिया मां के नाम परियोजना का लाभ लेने के लिए चयनित हुई समूह की महिला के पास बगिया लगाने के लिए भूमि भी निर्धारित की गई है। चयनित महिला के पास न्यूनतम 0.5 या अधिकतम एक एकड़ जमीन होना अनिवार्य है।



एक बगिया मां के नाम परियोजना का लाभ लेने के लिए स्व सहायता समूह की महिलाओं का चयन एक बगिया मां के नाम ऐप से किया गया है। ऐप का निर्माण मनरेगा परिषद द्वारा कराया गया है। एक बगिया मां के नाम परियोजना अंतर्गत किए जा रहे पौधरोपण की मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक डेव्हलेपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा ड्रोन के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी। जिससे चयनित जमीन, गड्ढे सहित पौधों की यथास्थिति के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त हो सकें। प्रदेश में पहली बार पौधरोपण के लिए सिपरी सॉफ्टवेयर की मदद ली जा रही है। सॉफ्टवेयर के माध्यम से पौधरोपण के लिए जमीन का चयन वैज्ञानिक पद्धति से किया गया है। जलवायु के साथ ही किस जमीन पर कौन सा फलदार पौधा उपयोगी है, पौधा कब और किस समय लगाया जाएगा, पौधों की सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी कहां पर उपलब्ध है, यह सब सिपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से पता लगाया जा रहा है।

## नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह के आधार पर होगा प्रकरणों का निराकरण

**अनोखा तीर, खंडवा।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर निर्देश अनुसार आगामी 13 सितम्बर शनिवार को न्यायालय में लंबित राजीनामा योगय प्रकरणों एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदया श्रीमती ममता जैन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय खंडवा और हरसूद व पुनासा की न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा के सचिव पीयूष भावे ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, धारा 138 एन.आई.एक्ट प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक प्रकरण, भू-अर्जन के प्रकरण, समझौता योग्य श्रम प्रकरण, विद्युत चोरी के प्रकरण का निराकरण आपसी सहमति के आधार पर किया जायेगा तथा विद्युत विभाग, बैक, नगर पालिक, बीएसएनएल आदि के पूर्व वाद प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किया जायेगा। पूर्व वाद प्रकरणों में विद्युत विभाग, जलकर तथा संपत्ति कर के प्रकरणों में लोक अदालत के दिन निराकरण होने पर विभाग द्वारा नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरणों का आपसी सुलह व समझौते के आधार पर निराकरण करवा कर शीघ्र व सुलभ न्याय प्राप्त करे, अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा व तहसील विधिक सेवा समिति हरसूद एवं तहसील न्यायालय पुनासा में संपर्क कर सकते है।

## हर्षोल्लास के साथ नर्मदा वैली स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

● शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए तिलक लगाकर मीठा मुंह करवाया और उपहार किए भेंट

**अनोखा तीर, बड़वाह।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में देश के भूतपूर्व राष्ट्रपति और शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मोत्सव शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर




पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए तिलक लगाकर, मीठा मुंह करवाकर और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पूर्णमति माताजी के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुई। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने गुरु वंदना प्रस्तुत की। शिक्षा के महत्व को समझाने के उद्देश्य से बाल कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में समूह गीत और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। संस्था निदेशक सुनील जैन ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षक की महत्ता और विद्यार्थी जीवन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य सर्वोत्कृष्ट कार्य है। इस अवसर पर शैक्षणिक निदेशिका नीतू जैन, निदेशक आशीष जैन, निदेशिका डॉ. दृष्टि जैन, प्राचार्य अमिता शर्मा, उपप्राचार्य अजय प्रजापति और संजय महाजन ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## जिला पशु कल्याण समिति की बैठक संपन्न



**अनोखा तीर, खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टर सभागृह में जिला पशु कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले की पशु चिकित्सा संस्थाओं के रखरखाव हेतु फर्नीचर एवं कोल्डचेन मेंटेन करने के लिए फ्रिज क्रय की स्वीकृति प्रदान की गई। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि जिले में संचालित चलित पशु चिकित्सा सेवा 1962 का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, तथा इस सुविधा के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले पशुओं की संख्या में भी वृद्धि की जाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि चलित पशु चिकित्सा वाहन जब भी ग्रामों में चिकित्सा हेतु जाए तो अन्य रोगी पशुओं का भी इलाज करे, और प्रत्येक वाहन को प्रतिदिन कम से कम 10 पशुओं का उपचार का लक्ष्य दिया जाए। बैठक में जिला स्तरीय संस्था पॉली क्लिनिक खंडवा के केंपस में शेड निर्माण एवं पेवर ब्लॉक्स की स्वीकृति प्रदान की गई।

# दानी व्यक्ति दरिद्र नहीं होता, त्याग धर्म है और दान पुण्य है : विश्रुत सागर महाराज

● पर्युषण पर्व का समापन 6 सितंबर को शोभायात्रा से होगा ● क्षमावाणी महोत्सव 8 सितंबर को मनाया जाएगा

**अनोखा तीर, खंडवा।**

धन का संचय करना दुखद है, उसकी रक्षा करना कष्टदायक और खर्च करना पीड़ादायक होता है। इससे मनुष्य अशुभ कर्म करता है। इस पाप से छुटकारा पाने का उपाय है - धर्म साधना, धर्म प्रचार, दीन-दुखियों की सेवा, लोकहित, सामाजिक दायित्व और परोपकार में धन का उपयोग। यदि परमात्मा ने हमें दिया है तो त्याग की भावना रखना भी आवश्यक है, यही पुण्य है। दान देने वाला कभी दरिद्र नहीं होता, उसका भंडार सदा भरा रहता है। इसलिए प्रत्येक मानव को अपनी शक्ति अनुसार दान अवश्य करते रहना चाहिए, क्योंकि आयु का अंत कब हो जाए कहा नहीं जा सकता। यह विचार उपाध्यक्ष विश्रुत सागर महाराज ने पर्युषण पर्व के आठवें दिन प्रातःकालीन प्रवचन में उत्तम त्याग धर्म विषय पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि त्याग धर्म और दान में अंतर है। त्याग धर्म है और दान पुण्य है। दान स्वयं की वस्तु से किया जाता है जबकि त्याग वस्तु का भी होता है। दानी को राजा और त्यागी को महाराज कहा जाता है। दीन, दुखी, अनाथ,



विधवा और साधर्मी भाई-बहनों की गुप्त सहायता करना गृहस्थ का सबसे बड़ा धर्म है। गुप्तदान से लेने वाले को संकोच और देने वाले को अभिमान नहीं होता। पर्युषण पर्व के दौरान गुरुवार सुबह ध्यान शिविर, सामूहिक अभिषेक धारा और पूजन हुआ। कई श्रद्धालु दो, तीन, पांच और दस उपवास कर रहे हैं जिनमें युवा वर्ग भी शामिल है। तपस्वी तरुण गंगवाल, अतुल जैन, अर्पित जैन, अपूर्व, अर्पण बैनाड़ा, महिमा, दीपिका पहाड़िया, गीतांश, गुलिशा भरत छाबड़ा, स्वाति भूपेश जैन, अनामिका तपिश जैन, दीपक सेठी, नीति हेमंत गोधा ने तीन, पांच और आठवें दिन के उपवास पूरे कर धर्म साधना जारी रखी। मुनि सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन और प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि पर्युषण पर्व का समापन 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी के दिन शोभायात्रा से होगा। यह शोभायात्रा दोपहर 3 बजे सराफा पार्श्वनाथ जैन मंदिर से शुरू होकर रामगंज, बुधवारा, बांबे बाजार, घंटाघर, बजरंग चौक से होते हुए घासपुरा महावीर जैन मंदिर पहुंचेगी। भगवान के अभिषेक के बाद शोभायात्रा सराफा होते हुए जैन धर्मशाला में पहुंचेगी जहां प्रवचनों और शांतिधारा के बाद पर्व का समापन होगा।

## सार-समाचार

### नगर पालिका में जनसुनवाई आयोजित

## नपाध्यक्ष ने आवेदनों पर की त्वरित कार्यवाही

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** स्थानीय नगर पालिका में प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने जनसुनवाई की। इस दौरान करीब 10-12 आवेदन आए जिनका त्वरित समाधान किया गया। जिसमें नाली सफाई, सड़क से अतिक्रमण हटाने, कोठी बाजार सब्जी बाजार में लाइट लगवाने तथा पेयजल की व्यवस्था करने के संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में वार्ड नंबर 19 के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष अनोखी राजोरिया, वार्ड 09 के पार्षद प्रतिनिधि



लक्ष्मण बैस, पार्षद प्रतिनिधि पूनम मेषकर, वार्ड 26 के पार्षद राहुल गौर, नपा के उपयंत्री, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रति गुरूवार को जनसुनवाई शुरू की गई है। नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए नगरपालिका द्वारा यह व्यवस्था की गई है। जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। श्री सोनी ने बताया कि आज नपाध्यक्ष द्वारा की गई जनसुनवाई में वार्ड 23 के सुंदरलाल पिता शिवलाल द्वारा गरीबी रेखा के राशन कार्ड में नाम सुधरवाने, वार्ड 13 के नागरिकों ने रोड चौड़ीकरण की मांग की। वार्ड 15 की बाढ़ पीड़ित कालोनी की मायाबाई पति संतोष द्वारा अपनी सास का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने आवेदन दिया था। जिसे तत्काल बनवाकर दिया गया। वहीं कोठी बाजार के सब्जी विक्रेता दुर्गेश कहार, कोमल कीर, लालू यादव, मोंटी रैकवार द्वारा सड़क से अतिक्रमण हटाने, सब्जी बाजार में लाइट लगाने के लिए आवेदन दिया। सभी आवेदन पर नपाध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## कांग्रेस का ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**अनोखा तीर, माखननगर।** कांग्रेस द्वारा स्थानीय साईं जयहिंद गार्डन में ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष गुड्डन पांडे ने कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा के साथ मैदान में संघर्ष कर कांग्रेस को जिताने की मांग कार्यकर्ताओं से रखी गई। वहीं हिदायत



दी गई कि अनुशासन हीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किसानों की समस्याओं को लड़ने की बात कही एवं प्रत्याशी रहे पुष्पराज पटेल ने पार्टी में रहकर गद्दारी करने वाले कार्यकर्ताओं से चले जाने की बात कही। सभी कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त जिलाध्यक्षों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल रहे।

## गणेश विसर्जन के लिए हर्बल पार्क में बन रहा कृत्रिम कुंड

### नपाध्यक्ष ने लिया जायजा, तेजगति से कार्य करने के दिए निर्देश

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** नगरपालिका द्वारा मां नर्मदा के जल को प्रदूषण से बचाने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतिमा विसर्जन करने क लिए हर्बल पार्क में बनाए जा रहा है। कृत्रिम कुंड का निर्माण कार्य का नगरपालिका



अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जायजा लिया गया तथा तेजगति एवं समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही लाइट लगाने तथा गिट्टी बिछाकर मार्ग बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव के साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, उपयंत्री अंबक पाराशर, दीक्षा तिवारी, रीना गुप्ता, निर्माण एजेंसी के लोग, नपा के कर्मचारी दुलारे यादव, आसिफ खान आदि उपस्थित रहे। नगरपालिका द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा और विसर्जन संबंधी व्यवस्था को लेकर नगर में पांच स्थानों पर प्रतिमा कलेक्शन सेंटर बनाए जा रहे हैं। जहां पर आकर श्रद्धालु प्रतिमा दे सकेंगे। उनको विसर्जित किया जाएगा।

### सांदीपनि विद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** शासकीय अवकाश के चलते स्थानीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय में गुरुवार को शिक्षक दिवस मनाया गया।



इस मौके पर बच्चों के द्वारा कक्षाओं में पढ़ाया गया एवं शिक्षकों ने क्लास अटेंड की। विद्यालय के बच्चे अपने पसंदीदा शिक्षक की भेष भूषा में भी नजर आए। बच्चों द्वारा अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं का शिक्षक दिवस समारोह में स्वागत किया गया एवं सभी शिक्षकों को उपहार स्वरूप पेन, स्मृति चिन्ह एवं गिफ्ट भेंट किए गए।

### वर्तमान भारत दुनिया के देशों में सबसे जवान देश : दिनेश चंद मालवीय

# नगर में शिक्षक दिवस पर होंगे अनेक आयोजन

**अनोखा तीर, खातेगांव।**

शिक्षक दिवस का आयोजन खातेगांव क्षेत्र में प्रतिवर्ष बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक दिनेश चंद मालवीय ने अनोखा तीर से विशेष बातचीत में बताया कि भारत वर्ष गुरुजनों कि आकाशगंगा रही है। इस आकाश गंगा के ज्वलंत एवं प्रकाश वान सितारा डॉक्टर सर्व पल्ली राधाकृष्णन रहे हैं, जिनका जन्म 5 सितंबर 1888 में तमिलनाडु के चेन्नई के पास एक गांव में हुआ जो बचपन से ही बड़े मेघावी एवं विलक्षण रहे। बड़े होने पर यह मेघावी बालक व्याख्यात विद्वान महान दार्शनिक श्रेष्ठ शिक्षक तथा राष्ट्र का सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को गौरांवित किया

उनका व्यक्तित्व हमें स्मरण दिलाता है कि शिक्षक की सत्ता सबसे अलग और सर्वोपरि होती है वह जितना प्रभावशाली होगा वह समाज हित में अधिक से अधिक कार्य कर पाएगा। प्राचीन समय में भारत में राज्य सत्ता से गुरु सत्ता को उच्च माना जाता था वह नैतिक सत्ता की सर्वोच्च ऊंचाई थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने जीवन काल में अनेक कर्तव्यों का निर्वहन किया। 21 वर्ष की अल्प आयु में मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज में दर्शन विभाग के प्रधान अध्यापक नियुक्त किए गए, सन 1918 में मैसूर विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रधान अध्यापक नियुक्त किए गए, सन 1939 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के उप कुलपति नियुक्त किए गए। सन 1946 से 1950 में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा विज्ञान तथा सांस्कृतिक संघ में भारतीय शिक्षा मंडल का नेतृत्व किया। सन 1948 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष बने। 1952 से 62 तक भारत के उपराष्ट्रपति पद को गौरांवित किया। 1962 से 66 तक सबसे विशाल प्रजातंत्र भारत के राष्ट्रपति पद पर आसीन रहे। उनकी अनेक उपलब्धियां के कारण सन 1954 में राष्ट्र के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर हमारे प्रतिनिधि प्रदीप साहू को जानकारी देते हुए वर्ष 2007 में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित दिनेश चंद मालवीय उच्च श्रेणी शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय संदलपुर ने बताया कि शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिससे हम भारत मे सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति कर सकते हैं। आज हम शिक्षा के बहुत अच्छे परिणाम भी देख रहे हैं। यदि हम चाहते हैं कि हम विश्व गुरु बन रहें तो हमारी सोच को सकारात्मक बनाना होगा। क्योंकि सकारात्मक सोच से ही रचनात्मक कार्य किया जा सकते हैं और जब रचनात्मक कार्य होंगे तब ही हम भारत का गुणात्मक विकास कर पाएंगे। वर्तमान भारत दुनिया के देशों में सबसे जवान देश है क्योंकि 70 प्रतिशत आबादी 40 वर्ष कम उम्र वालों की है। युवा सिर्फ वर्तमान की शक्ति ही नहीं बल्कि देश का भविष्य है युवा अपनी सोच और सपनों से एक नया भारत बना रहा है। आज का युवा व्यक्तिगत अधिकारों के साथ-साथ नैतिक और सामाजिक जवाबदारी भी समझ रहा है। विश्व गुरु बनने के लिए युवा पीढ़ी जो अभी विद्यालयों में अध्ययनशील है उसे श्रेष्ठ अध्यापन देकर उसे सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी बनाना होगा यह बच्चे ही भविष्य के सितारे हैं। वर्तमान समय में छात्र-छात्राओं को विचलित होने के अनेक कर्म से बचने के लिए उन्हें श्रेष्ठ साहित्य को दिया जाए। जिससे उन में संस्कार के बीच आरोपित किया जा सके, आज का युग कंप्यूटर का युग है, कंप्यूटर आने से समाज में एक नई क्रांति का आवाहन हुआ है। लेकिन फिर भी बच्चों के दिलों दिमाग में ज्ञान का भंडार करने वाला शिक्षक का आज भी उतना ही महत्व है, जितना पुराने जमाने में था माता-पिता के बाद बच्चे को सदा शिक्षा देने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण स्थान है। अंत में यही कहना चाहता हूं कि शिक्षकों का सम्मान हमेशा होना चाहिए ताकि हमें ज्ञान का भंडार देने वाले उन शिक्षकों को हम सही मायने में सम्मान कर सकें। उनके द्वारा दिए गए ज्ञान को ग्रहण कर हम देश समाज एवं परिवार जनों का कर्ज अदा कर सकें। साथ ही विद्यार्थियों को चाहिए कि वह अपने शिक्षकों द्वारा दिए गए ज्ञान को प्राप्त कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।



### मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर

# मरीजों का इलाज कर बांटी दवाई

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**

लगातार बदलते मौसम और बारिश के चलते सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त, बुखार जैसी मौसमी बीमारियों में वृद्धि की आशंका को देखते हुए मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शेखर रघुवंशी ने सतर्क रहने और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों को अपनाने की अपील की है। बताया गया कि इस मौसम में डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड जैसी बीमारियां भी फैल सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सावधानियां बरतने की अपील की है और कहा कि गर्म व ताजा भोजन करें। पीने का पानी छानकर या उबालकर पिएं। खुले में रखा या बासी भोजन न करें। कटे-फटे फल व सब्जियों का सेवन न करें। उल्टी, दस्त, बुखार, खांसी, सिरदर्द जैसे लक्षण होने पर नज़दी की स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल जांच कराएं। डॉ. शेखर रघुवंशी ने नागरिकों से अपील की है कि स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें और सावधानियों का पालन कर खुद को व अपने परिवार को सुरक्षित



रखें। मौसमी बीमरियों के चलते आदिवासी ग्राम बटकी में चिकित्सा अधिकारी डॉ. शेखर रघुवंशी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सर्दी, बुखार, उलटी दस्त के 62 मरीजों का उपचार किया और मलेरिया किट से जांच की गई। ग्रामीणों को घर के आसपास साफ-सफाई रखने, पानी उबाल कर पीने, मछरदानी लगा कर सोने की सलाह दी। इस मौके पर विकासखंड स्तर से मलेरिया सुपरवाइज़र संजय दीवान बीसीएम, सेक्टर सुपरवाइज़र अनुरागनी सरयाम, सीएचओ डॉ. गरिमा धनवारे, एएनएम इंदु यादव, आशा सुपरवाइजर निर्मला गौर, आशा कार्यकर्ता माया बकोरिया, आंगनवाड़ी कार्यकार्ता पार्वती उपस्थित रहे।

## पूर्णिमा को लगेगा खग्रास चंद्र ग्रहण, अन्नदान वस्त्र दान और स्वर्ण दान करना शुभ

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 7 सितंबर रविवार को पूरे देश में चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। रविवार को लगने वाला ग्रहण पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। आचार्य शुभम दुबे ने कहा कि पूर्ण चंद्र ग्रहण को ही ब्लड मून कहा जाता है। इस ग्रहण के दौरान चंद्रमा पूरी तरह धरती की छाया में आ जाता है। जब चंद्रमा पूरी तरह से धरती की छाया में होता है तो उसका रंग हल्का लाल हो जाता है। जिस वजह से इसे ब्लड मून भी कहते हैं आचार्य दुबे ने बताया कि यह ग्रहण पूरे देश में दिखाई देगा। भारत सहित एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, यूरोप, अंटार्कटिका, पैरासाइट इत्यादि कई देशों में भी दिखाई देगा। आचार्य शुभम दुबे ने बताया कि इस वर्ष विश्व में चार ग्रहण लग रहे हैं। जिसमें दो सूर्य और दो चंद्र ग्रहण है। किंतु भारत में दो चंद्रग्रहण की दृश्य होंगे भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर शतभिषा नक्षत्र और कुंभ राशि में लगेगा। यह चंद्र ग्रहण भारतीय समय अनुसार ग्रहण का स्पर्श रात्रि 9.57 से होगा मध्य 11.41 में होगा और ग्रहण का मोक्ष रात्रि 1.27 पर होगा। संपूर्ण पर्व काल 3 घंटा 30 मिनट का रहेगा। चंद्र ग्रहण शुरू होने से 9 घंटे पहले सूतक लग जाएगा। सूतक के दौरान मंदिर के कपाट भी बंद रहेंगे। यह ग्रहण शतभिषा नक्षत्र व कुंभ राशि वालों को विशेष अनिष्टकारक होगा एवं वृश्चिक मीन व कर्क राशि वालों को अशुभ रहेगा तथा सिंह, तुला, मकर व मिथुन राशि वालों को मध्य फल देगा। लेकिन मेष, वृषभ, कन्या व धनु राशि वालों को शुभ फल कारक होगा।



### सभी विसर्जन स्थल एवं कृत्रिम विसर्जन कुंड पर होमगार्ड बल व गोताखोरों की तैनाती के निर्देश

# विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

गणेश विसर्जन पूर्व सभी विसर्जन स्थलों को तैयार किया जाए। सभी विसर्जन स्थ्लों एवं कृत्रिम कुंड पर होमगार्ड बल एवं प्रशिक्षित गोताखोर तैनात किये जाएं। नगर पालिका अमला एवं संबंधित जनपद पंचायत विसर्जन स्थल तक सुचारू करें एवं अवरोध रहित मार्ग सुनिश्चित करनें के लिए करें सभी आवश्यक उपाय। उक्त निर्देश कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने नर्मदापुरम, माखननगर एवं सोहागपुर के विसर्जन स्थल को निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को दिए। इस दौरान नर्मदापुरम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं एसपी डॉ. गुरकरन सिंह ने विसर्जन पूर्व नगर में विभिन्न स्थानों पर बनाए जा रहे कृत्रिम विसर्जन कुंड का निरीक्षण कर तैयारियों का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने हर्बल पार्क विसर्जन कुंड के संबंध में निर्देश दिए कि विसर्जन तिथि से पूर्व समस्त कृत्रिम विसर्जन कुंड तैयार कर लिए जाएं। साथ ही कहा कि बारिश की स्थिति को देखते



हुए पहुंच मार्ग पर रेती, बजरी आदि डलवा कर विसर्जन कुंड पहुंच मार्ग सुचारु रखा जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रतिमा विसर्जन के लिए व्यवस्थित और चौकस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कृत्रिम कुंड पर होमगार्ड बल एवं गोताखोर भी उपलब्ध रहें। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत को निर्देशित किया कि गोताखोरों की ड्यूटी शिफ्ट वार लगाई जाए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने कहा कि विसर्जन स्थलों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए एवं यह सुनिश्चित किया जाए कि विसर्जन प्रक्रिया पूरी होने से पूर्व कोई भी ड्यूट्यरत अधिकारी, कर्मचारी अथवा गोताखोर विसर्जन स्थल ना छोड़े। कलेक्टर ने सीएमओ नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि विसर्जन पहुंच मार्ग को सुचारू बनाएं रखने के लिए आवश्यक स्थान पर रेती बजरी आदि के माध्यम से मरम्मत कराई जाए। साथ ही कलेक्टर कार्यालय के प्रवेश द्वार से प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए एंट्री दी जाए एवं हर्बल पार्क पहुंच मार्ग से वाहनों की निकासी की जाए जिससे कि मार्ग अवरूद्ध होने की स्थिति ना बने। कलेक्टर ने माखननगर पहुंचकर विसर्जन स्थल का जायजा लिया। पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की जाए। उन्होंने विसर्जन तिथि के पश्चात भी विसर्जन स्थल पर चौकसी रखने को भी कहा। इसी प्रकार कलेक्टर ने सोहागपुर पहुंचकर भी विसर्जन स्थलों का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को विसर्जन स्थल पर सुरक्षा यातायात आदि के चुस्त- दुरुस्त इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एसपी ने पलकमती नदी पर बने रिपटे पर पहुंचकर विसर्जन स्थल पर चल रही तैयारी का जायजा लिया।

### डिंडौरी में पर्यटन एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन

## पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के आतिथ्य में हुए कार्यक्रम

**अनोखा तीर, डिंडोरी।** मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के तत्वावधान में गुरुवार को नर्मदागंज स्थित मां नर्मदा डेम घाट पर विभिन्न पर्यटन एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां नर्मदा की पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात मां नर्मदा नदी के तट पर घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य 389.74 लाख की लागत से, तथा माता शारदा मंदिर परिसर में जनसुविधा एवं विकास कार्य 91.62 लाख की लागत से प्रारंभ किए गए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने संबोधन में कहा कि डिंडौरी की प्राकृतिक सुंदरता को और निखारने के उद्देश्य से नर्मदा नदी के दोनों घाटों पर 150-150 मीटर लंबे घाट का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। स्वीकृत राशि में घाट निर्माण, चेंजिंग रूम, विद्युतीकरण, बेंच और अन्य सुविधाएं शामिल हैं। माता शारदा मंदिर परिसर में सीढ़ी निर्माण, डे-शेल्टर, विद्युतीकरण, लैंडस्केपिंग और स्टोन बेंच जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि डिंडौरी के पर्यटन विकास के लिए उनका लंबे समय से प्रयास रहा है और आज इन परियोजनाओं के भूमिपूजन से जिले के सौंदर्यीकरण एवं श्रद्धालुओं की सुविधा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। स्थानीय नागरिकों ने मंत्री से डेम घाट में चैनल निर्माण, पर्यटन क्रूज सुविधा और शहर के नालों को रोकने की मांग रखी, जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से नालों को रोका जा रहा है और डिंडौरी को सुंदर एवं आधुनिक नगर बनाने के प्रयास जारी रहेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक सहित जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ और पर्यटन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



### एमपीसीए प्रबंध कार्यकारिणी में निर्वाचित हुए अनुराग मिश्रा

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन इंदौर में हाल ही में हुए चुनाव में नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनुराग मिश्रा प्रबंध कार्यकारिणी में प्रतिनिधि के तौर निर्विरोध निर्वाचित हुए। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन इंदौर के अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया चुने गए हैं। अनुराग मिश्रा के चुने जाने पर नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन में खुशी का माहौल है। संभाग के अध्यक्ष कपिल फौजदार, चेयरमैन रोहित फौजदार, राकेश फौजदार, राजेश चौरे अध्यक्ष नर्मदापुरम जिला क्रिकेट संघ, विवेक अग्रवाल अध्यक्ष हरदा जिला क्रिकेट संघ, जगेंद्र सिंह अध्यक्ष बैतूल जिला क्रिकेट संघ, संभाग उपाध्यक्ष योगेश परसाई, प्रदीप सिंह तोमर, कुलभूषण मिश्रा, राजेश तिवारी, मनोहर बिलथरिया, अनंत तिवारी, संजय नाफड़े, अनिल दीक्षित, हेमंत गोस्वामी, दिलीप नामदेव, माधव हरने, संजय यदुवंशी, सुनील कलोसिया, सुनील शर्मा, अतुल प्रताप सिंह, नीतेश राजपूत, निर्वेश फौजदार, चेतन राजपूत, सफीक खान, सुमित परदेशी, संजीव कैथवास, मोइज मंसूरी, विशाल शर्मा, नीरज गौर, रामकृष्ण चौरे, अंपायर विष्णु बौरासी, इमरान खान, फैजल खान, हरीश हनोतिया, ब्रजेश यादव, अनिकेत सिंह परमार सहित प्रदेश के सभी खिलाड़ियों आदि ने बधाई दी है।



### ईद मिलादुन्नबी पर शराब बंदी की मांग

## मुस्लिम विकास परिषद नर्मदापुरम ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद की नर्मदापुरम इकाई ने नगर अध्यक्ष असलम भारतीय के नेतृत्व में शराब बंदी को लेकर संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद नर्मदापुरम के नगर अध्यक्ष असलम भारतीय ने बताया कि हमने ज़िलाध्यक्ष अथर ख़ान के मार्गदर्शन में आगामी 5 सितंबर 2025 को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर प्रतिवर्ष प्रदेश सहित ज़िले में शराब दुकानें बंद कराने का मुख्यमंत्री से आग्रह किया है। इस त्योहार को इस्लाम धर्म को मानने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे विश्व सहित देश में बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। मध्य प्रदेश में भी इस त्योहार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा और इसे राज्य में सार्वजनिक अवकाश के रूप में घोषित किया गया है। मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद मांग करती है की इस त्योहार के दौरान शराब दुकानें बंद रखी जाएं, ताकि त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाया जा सके। श्री भारतीय ने कहा कि यह त्योहार मुस्लिम समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और ऐसे में शराब दुकानें बंद रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पहले से ही प्रदेश में शराब बंदी के लिए अभियान चलाया हुआ है, उसी अभियान के साथ मुस्लिम समाज भी मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के साथ कांधे से कांधा मिला कर खड़ा है। ज्ञापन देने में नगर अध्यक्ष असलम भारतीय, हाफिज अब्दुल अलीम, नायाब काजी शहर नर्मदापुरम, नादिर खान, जमशेद अख्तर, युसूफ खान पंजाबी, यासीन खान, सलामत खान, इसराइल खान, गुलरेज खान, शकिर शाह आदि मौजूद रहे।

# काशी तालाब की जमीन पर अवमानना आदेश को ताक पर रखकर दोबारा पक्का निर्माण शुरू

## न्यायालय के स्थगन आदेश की अनदेखी, वार्डवासियों ने कलेक्टर से की शिकायत

**अनोखा तीर, बैतूल।**

बैतूल नगर की शासकीय नजूल भूमि पर न्यायालय के स्पष्ट यथास्थिति आदेश के बावजूद अवैध निर्माण दोबारा शुरू होने से क्षेत्रवासी आक्रोशित हो उठे हैं। आवेदक जगदीश यादव सहित वार्ड के पार्षद और समस्त क्षेत्रवासियों ने जनसुनवाई के साथ-साथ अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि तहसीलदार न्यायालय बैतूल द्वारा 9 जनवरी 2025 को नजूल शीट नंबर 36, प्लॉट नंबर 26, रकबा 42270 वर्गफुट पर किसी भी तरह के निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए स्थगन आदेश जारी किया गया था। आदेश के बाद यहां निर्माण कार्य रुक गया था, लेकिन बीते दो दिनों से फिर से पक्का निर्माण शुरू कर दिया गया है, जो न्यायालय की खुली अवमानना है। इस संबंध में 8 जनवरी 2025 को तहसीलदार न्यायालय बैतूल नगर द्वारा आदेश जारी किया गया था। आदेश संख्या क्रमांक/प्रवा./तह./2025/16 में स्पष्ट लिखा गया था



कि नजूल शीट नंबर 35, प्लॉट नंबर 26, क्षेत्रफल 42270 वर्गफुट भूमि काशी तालाब का हिस्सा है। इस भूमि के 17×16-272 वर्गफुट अंश भाग पर चार कॉलम खड़े करके अतिक्रमण किया गया है। राजस्व निरीक्षक नजूल की जांच रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि प्रकरण के निराकरण होने तक अनावेदक/अतिक्रमणकर्ता किसी भी प्रकार से दखल, हस्तक्षेप या निर्माण कार्य स्वयं न करें और न ही किसी अन्य से करवाएं। इसके बावजूद आदेश की अनदेखी करते हुए उक्त भूमि पर दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह न्यायालय की अवमानना है और प्रशासन को तत्काल मौके पर निरीक्षण कर निर्माण कार्य रुकवाना चाहिए। साथ ही दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। इस मामले में आवेदक जगदीश यादव ने बताया कि उन्होंने कलेक्टर बैतूल को स्थगन आदेश की प्रति संलग्न कर लिखित शिकायत की है, ताकि इस तरह के आदेश उल्लंघन पर प्रशासन कड़ा रुख अपनाएं। पार्षद और क्षेत्रवासियों ने भी मांग की है कि काशी तालाब की जमीन को बचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## सार-समाचार

### हमलापुर घाट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन प्रतिबंधित


#### करबला घाट, दामादैयत घाट व फिल्टर प्लांट के समीप बने कुंडों में ही होगा प्रतिमाओं का विसर्जन

**अनोखा तीर, बैतूल।** गणेश उत्सव के समापन अवसर पर प्रतिमा विसर्जन के लिए नगर पालिका परिषद बैतूल ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए शहर के करबला घाट, दामादैयत घाट तथा फिल्टर प्लांट के समीप माचना नदी में विसर्जन की आवश्यक व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही स्पष्ट आदेश जारी किया गया है कि हमलापुर घाट पर श्री गणेशजी की मूर्तियों का विसर्जन प्रतिबंधित रहेगा। नगर पालिका परिषद बैतूल ने समस्त श्रद्धालुओं और आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित किए गए कुंडों में ही प्रतिमाओं का विसर्जन करें। परिषद ने कहा है कि हमलापुर घाट पर किसी भी स्थिति में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन न किया जाए। श्रद्धालुओं से अपेक्षा की गई है कि वे नगर पालिका परिषद द्वारा की गई इस व्यवस्था का पालन कर नगर के स्वच्छ वातावरण और परंपराओं को बनाए रखने में सहयोग दें। मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद बैतूल द्वारा जारी इस आदेश में सभी गणेश भक्तों से विनम्र निवेदन किया गया है कि वे नगर पालिका की अपील को गंभीरता से लेते हुए विसर्जन केवल करबला घाट, दामादैयत घाट और फिल्टर प्लांट के समीप बनाए गए कुण्डों में ही करें।

### रिमझिम बारिश में भगवान बाल गोपाल ने किया नौका विहार

#### सुसज्जित हुई कांच जड़ित विमानों की झांकियां

**अनोखा तीर, कांटाफोड़।** नगर में जिले के बड़े आयोजनों में शुमार दो दिवसीय विमान उत्सव डोल ग्यारस पर बुधवार को तेज बारिश के बीच आस्था का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। चंद्रकेशर नदी तट पेडीघाट से बडघाट तक भगवान



गोपाल कृष्ण को श्रद्धालुओं ने भीगते हुए नौका विहार कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस दृश्य को निहारने के लिए उपस्थित रहे। चंद्रकेशर तट पेड़ीघाट पर कांच जड़ित नयनाभिराम विमानों की झांकियों के भक्तों ने दर्शन किए। यहां आरती के समय बड़ी संख्या में श्रृद्धालु मौजूद रहे। अखाड़ों के कलाकारों द्वारा हेरतअंगेज करतबों की प्रस्तुतिया भी दी गई। कार्यक्रम में सुरक्षा की दृष्टि से कांटाफोड़ थाने की पुलिस टीम मौजूद थी। विमान उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश होलानी ने बताया कि दो दिवसीय उत्सव में प्रथम दिवस पर भजन डंडा मृदंग व विमान सजावट की प्रतियोगिता होगी। जिसमें विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मां चन्द्रकेशर की विशाल चुनरी यात्रा एवं दीप आरती श्रीराम सेवा समिति नजरपुरा मित्र मंडल के सहयोग आयोजित की जाएगी। होलानी ने बताया कि द्वितीय दिवस पर क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा के सौजन्य से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

### हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन वृद्ध आश्रम में सादगी पूर्वक मनाया

**अनोखा तीर, देवास।** इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के 1500वे जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी की पूर्व संध्या पर संस्था हिंदलवली सरकार द्वारा गुरूवार को वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को फल और मिठाई का वितरण किया गया। संस्था अध्यक्ष शाहरुख मंसूरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था हिंदलवली सरकार के सदस्य मीठा तालाब स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे और हजरत मोहम्मद साहब की याद में वृद्धों का आशीर्वाद लेकर उन्हें फल और मिठाई का वितरण किया। साथ ही संस्था के सदस्यों ने वृद्धाश्रम संचालक दिनेश चौधरी का नि:स्वार्थ भाव सेवा करने पर साफा बांधकर एवं मेडल पहनाकर सम्मान किया।



इसके पश्चात वृद्ध आश्रम परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। मंसूरी ने कहा कि मोहम्मद साहब का पैग़ाम है आलम-ए-इंसानियत की भलाई, इंसानी रिश्तों की पासदारी, बच्चों से शफकत, कमज़ोरों की मदद, बुजुर्गों का एहतराम और औरतों के हुकूक की ज़िम्मेदारी के एहसास का पैग़ाम है। उनके पैगाम को सार्थक करते हुए आज उक्त आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य बडी संख्या में उपस्थित थे।

### श्री विनायकम् स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया शिक्षक दिवस

**अनोखा तीर, बैतूल।** विगत 23 वर्षों से संचालित जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान श्री विनायकम् स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने सभी शिक्षकों को सम्मानित करते हुए अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इसी के साथ विद्यार्थियों द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पूजन कर दीप प्रज्वलित किया गया। ग्रेड 12 के विद्यार्थियों ने शिक्षकों का अभिनंदन कर गुरुजनों के प्रति अपने सम्मान की भावना प्रकट की। ग्रेड नर्सरी से ग्रेड 12 के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ-साथ सीसीए एवं




ऑफिशियल स्टाफ को तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ के साथ एक उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर संजय राठौर ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और शिक्षण के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को विद्यार्थियों का मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत बताया। अपने प्रभावी उद्बोधन में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति जागृत रहने के लिए प्रेरित किया। ग्रेड 12 के विद्यार्थियों ने शिक्षकों को स्मृति चिन्ह और शुभकामनाएं भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षक दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और शिक्षकों के लिए अविस्मरणीय बन गया।

# 38 हजार की देशी-विदेशी और 82 हजार की महुआ शराब जब्त

## -आबकारी ने दो आरोपियों पर की कार्यवाही

**अनोखा तीर, बैतूल।**

जिले में अवैध शराब बिक्री के कारोबार पर आबकारी अधिकारी का शिकंजा कस गया है। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सुर्यवंशी के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी अंशुमान सिंह चढ़ार के मार्गदर्शन में आबकारी अमले ने शाहपुर और बैतूल वृत्त में बड़े पैमाने पर देशी-विदेशी और महुआ शराब का जखीरा पकड़ परिवहन में उपयोग किये जाने वाला ऑटो जब्त किया है। श्री चढ़ार से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों कार्यवाही 3 सितंबर को की गई है। पहली कार्यवाही आबकारी वृत्त शाहपुर के ग्राम गेडीढाना में की गई यहां आरोपी अखिलेश धुर्वे पिता रामसिंग धुर्वे उम्र 35 वर्ष के मकान से तलाशी लेने पर 8 कार्टून में देशी एवं विदेशी मदिरा की पेटिया पाई गई, जिसकी कुल मात्रा 70.62 बल्क लीटर एवं अनुमानित मूल्य करीब 38 हजार होना पाया गया। पूछताछ में जानकारी मिली है कि आरोपी द्वारा अन्य जगहों पर अवैध रूप से सप्लाई दी जा रही थी। आरोपी पर मप्र आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बैतूल के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल



भेजा गया। उक्त कार्यवाही वृत्त प्रभारी शाहपुर आबकारी उपनिरीक्षक दिलीप कुमार भादे, पंकज लोखंडे, आबकारी आरक्षक भगवंत बारस्कर, मुकेश खले द्वारा की गई है।

### ऑटो में भरकर ले जाया जा रहा था महुआ शराब का जखीरा

दूसरी कार्यवाही के अंतर्गत आबकारी वृत्त बैतूल में सोनघाटी शिव मंदिर के पास ऑटो क्रमांक एमपी 28 आर 1350 के चालक आरिफ पिता अब्दुल सफी के ऑटो की तलाशी ली गई। ऑटो में 4 बोरियो में 1 - 1 लीटर की 80 बोतलों में कुल 80 लीटर अवैध महुआ शराब भरी हुई पाई गई। जिसका अनुमानित मूल्य करीब 83 हजार रुपए आंका गया है। ऑटो को जब्त कर आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 214/25 धारा 34(2) मप्र आबकारी अधिनियम 1915 के तहत दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही आबकारी वृत्त बैतूल प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक राजेश वट्टी एवं आरक्षक सतेंद्र सिकरवार, नगर सैनिक राहुल गोस्वामी द्वारा की गई है। श्री चढ़ार के मुताबिक कलेक्टर नरेंद्र कुमार सुर्यवंशी के निर्देशानुसार उक्त कार्यवाहियां आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# पति-पत्नी ने सरकारी योजनाओं में लिया बैंक लोन, मशीनरी बेचकर किया गबन

## बैंक ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

**अनोखा तीर, देवास।**

जिले के टोंकखुर्द में सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर बैंक से लोन लेने वाले एक पति-पत्नी ने नियमों का उल्लंघन करते हुए मशीनरी और उपकरण बेच डाले। बैंक की जांच में खुलासा होने पर मामला पुलिस तक पहुंच गया है। प्राप्त जानकारी के अुनसार पहला मामला जिसमें दिलीप नागर ग्राम रनायल कला ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना व मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 7.40 लाख का टर्म लोन और 1 लाख की सीसी लिमिट लेकर आरओ वाटर यूनिट शुरू करने का वादा किया था। वहीं दूसरे मामले में उनकी पत्नी कौशल्या नागर ने पीएमइजीपी योजना में 4 लाख और 5.50 लाख का लोन लेकर ग्रेन ग्रेडिंग यूनिट लगानी थी। दोनों ने बैंक ऋण पर खरीदी गई मशीनरी को गिरवी रखा था, लेकिन बाद में चुपके से उसे बेच डाला। देवास जांच अधिकारी ठा. हेमंत सिंह चौहान एवं उज्जैन जांच अधिकारी राजेश रमाणी ने बताया कि बैंक निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इकाई परिसर से मशीनरी गायब है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने बैंक की अनुमति लिए बिना संपत्ति बेचकर रकम हड़प ली और बैंक में जमा नहीं कराई। लोकधन की लूट मानते हुए बैंक ऑफ इंडिया, टोंकखुर्द शाखा ने 13 अगस्त 2025 पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। वसूली



एजेंसी और लीगल एडवोकेट टीम की मौजूदगी में आरोपियों पर अमानत में खयानत, धोखाधड़ी व अनुबंध उल्लंघन की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। बैंक अब कृषि ऋण खातों में बंधक भूमि का सत्यापन भी कर रहा है। जिन किसानों ने बिना अनुमति भूमि बेच दी या बंटवारा कर दिया, उन्हें नोटिस भेजे जा रहे हैं। भुगतान न करने पर उन पर भी कड़ा कानूनी शिकंजा कसा जाएगा।

### निरंजन शर्मा ने फुटबॉल में भारत को दिलाया गौरव, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान



**अनोखा तीर, देवास।** नगर के कक्षा 11वीं के प्रतिभाशाली छात्र निरंजन शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शहर और विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने अंडर-19 साउथ एशियन फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 में इंडियन फेडरेशन ऑफ ऑल गेम्स की ओर से भारत का प्रतिनिधित्व किया। टूर्नामेंट में निरंजन ने बेहतरीन खेल दिखाया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत ने नेपाल और भूटान पर जीत दर्ज की और कुल मिलाकर प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। इस जीत में निरंजन की अहम भूमिका रही। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और शहरवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई।

# स्व. दयाशंकर यादव किसी परिचय के मोहताज नहीं...



## 21वीं पुण्यतिथि पर परिजनों ने बच्चों को स्कूल बैग, पेंसिल किट, बॉल पोथी बांटी

**अनोखा तीर, खातेगांव।** नगर की एक ऐसी शख्सियत जिसने अपने जीवन काल में करीब दो दशक पूर्व तक अपनी सक्रिय राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, खेल गतिविधियों से लोगों के मन में गहरी पैठ बनाई। उनकी 21 वीं पुण्यतिथि पर नगर के सामाजिक और राजनीतिकजनों ने उन्हें याद किया। शासकीय प्राथमिक शाला क्रमांक 2 चुना भट्टी पर पहुंचकर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर बच्चों को स्कूल बैग बालपोथी एवं पेंसिल किट का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील यादव, गोलू, पिंटू यादव के पिता, महिला कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्रीमती संगीता यादव के ससुर स्व. दयाशंकर यादव जो कि मंजू नाना के नाम से विख्यात हैं। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व विधायक कैलाश कुंडल ने कहा कि मंजू नाना के परिजनों ने उनकी स्मृति को आज भी जिंदा रखे हुए हैं। पूरा कांग्रेस परिवार उनके साथ है। भगवान उनकी यादों को जिंदा रखने के लिए उनके परिजनों को शक्ति दे, सामर्थ्य दे, मजबूती दे ताकि उनकी स्मृति को इसी तरह हम संजो के रख सके। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र चौधरी ने कहा कि पिता पूजनीय, वंदनीय, जीवन और संस्कार है। उनके बताए उच्च आदर्शों को आत्म साद करते हुए जन सेवा में लगे यही उनको हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिस सरलता, सहजता के साथ उन्होंने पूरे क्षेत्र में अपना नाम स्थापित किया है उनके बताए हुए मार्ग पर उनके परिजन सुनील यादव, गोलू, पिंटू सरलता, सहजता और सादगी के साथ जन सेवा के मार्ग पर चल रहे हैं। उपस्थितों ने दो मिनट का मौन रख स्व. दयाशंकर यादव को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व विधायक कैलाश कुंडल, पूर्व जनपद अध्यक्ष ओम पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिदिन नरेंद्र चौधरी, नगर परिषद उपाध्यक्ष दिनेश रावडीया, नगर परिषद सीएमओ निखिलेश चिंतामन, जनपद उपाध्यक्ष मनीष पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश बिश्नोई, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाराम धनवारे, राजवीर कुड़िया, सौरभ मालिया, पप्पू रतूंगवाल, विनोद चावड़ा, प्रमोद बोहरे, राकेश टाटा, राकेश इनानिया, लक्ष्मीनारायण बाता, रोहित बंडावाला, राजकुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष नारायण पटेल, मोहन बिलोदा, अजय बिश्नोई, नितिन बिश्नोई, केलास सोलंकी, मुकेश नाइक, श्रीनिवास पवार, गोलू दुबे, राजेश दीक्षित, संजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, नरेंद्र राजावत, मनोज गुर्जर, नीलेश धारवा, किशोर दुबे, विष्णु यादव, महेश भिचर, राजू भिचर, बलराम यादव, अमित यादव, मगन मंदसौर, अमृत मेहदिया, गब्बर यादव, अनवर पठान, साहिद शाह, मुकेश शर्मा, हेमंत छिपा अकरम आदि उपस्थित थे।

# पुलिस को मिले 28 नए डायल-112 वाहन

## आधुनिक सुविधाओं से लैस गाड़ियां जिले में त्वरित पुलिस सहायता के लिए तैनात

**अनोखा तीर, देवास।**

पुलिस सेवाओं को मजबूत करने के लिए 28 नए डायल-112 वाहनों



को शामिल किया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन जोन उमेश जोगा, उप पुलिस महानिरीक्षक नवनीत भसीन और पुलिस अधीक्षक पुनित गेहलोद ने इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मध्य प्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदान किए गए ये वाहन डायल-112 राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा का हिस्सा हैं। इस सेवा में पुलिस, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और आपदा प्रबंधन जैसी एजेंसियां एकीकृत रूप से कार्य करेंगी। पुलिस के अधिकारियों ने कार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया गया कि वाहनों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, वायरलेस संचार उपकरण, प्राथमिक उपचार किट और अग्निशमन यंत्र शामिल हैं। साथ ही सायरन, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और डैशबोर्ड कैमरा भी लगे हैं। पुलिस अधीक्षक ने वाहनों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी तकनीकी उपकरणों, स्ट्रेचर, रस्सी और कटर की जांच की। प्रशिक्षित पायलटों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इन वाहनों से सड़क दुर्घटनाओं, अपराध, आगजनी और महिला सुरक्षा संबंधी घटनाओं में नागरिकों को त्वरित सहायता मिल सकेगी। विशेष रूप से गोल्डन आवर में पुलिस की प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा।

# 100 साल पुराना पुल जर्जर, सुरक्षा इंतज़ाम नदारद - कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**अनोखा तीर, देवास।**

देवास-इंदौर मार्ग पर शिप्रा नदी पर बना सौ साल पुराना पुल लोगों की जिंदगी के लिए खतरा बन चुका है। यह पुल देवास और इंदौर जिले की



सीमा को जोड़ता है, लेकिन इसकी हालत बेहद जर्जर है। पुल का निर्माण हुए 100 वर्ष से अधिक हो चुका है। ऊंचाई मात्र 2 से 2.5 फीट, सुरक्षा बैरिकेड या रेलिंग नहीं है। भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित होने के बावजूद ट्रक व बसें तेज़ी से गुजर रही हैं। दोनों ओर की सड़कों की हालत भी खस्ताहाल है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पुल कभी भी गिर सकता है और बड़ी जनहानि को दावत दे रहा है। ग्राम पंचायतों की सीमा में आने के बावजूद इस पर न तो प्रशासनिक ध्यान है और न ही सुरक्षा इंतज़ाम है। ग्रामीणों की मांग ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल की तत्काल मरम्मत या नया पुल बनाया जाए। पुल पर सुरक्षा बैरिकेड व संकेतक लगाए जाएं। भारी वाहनों की सख्ती से रोक लगाई जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो कोई बड़ा हादसा टलना मुश्किल है।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

### धार्मिक अनुष्ठान के साथ दिगम्बर जैन समाज मना रहा पर्युषण पर्व



**अनोखा तीर, हरदा।** नगर के दिगम्बर जैन समाज द्वारा आत्मशुद्धि का पावन पर्व पर्युषण पर्व दशलक्षण पर्व धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। गुरुवार को पर्व के आठवें दिन उत्तम त्याग धर्म की आराधना करते हुए विशेष पूजन संपन्न हुआ। जैन समाज के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि जैन धर्म के अनुसार यह पर्व श्रावकों को आत्मशुद्धि के लिए प्रेरित करता है। यह तप, आराधना और आत्मा को शुद्ध एवं पवित्र बनाने की दिशा में आवश्यक धार्मिक क्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर है। दस दिनों तक चलने वाले इस पर्व में समाजजन इर्ष्या, कलह, मतभेद, अहंकार और लोभ-लालच से दूर रहकर धर्माराधना करते हैं। भाद्रपद माह की चतुर्थी से प्रारंभ हुआ यह पर्व अनंत चतुर्दशी को संपन्न होगा। इसके बाद पड़वा के दिन समाजजन क्षमावाणी पर्व पर उत्तम क्षमा कहते हुए सभी से क्षमा याचना करेंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में प्रतिदिन धर्म की पूजन, श्रीजी की वृहद शांतिधारा और नित्य नियम पूजन प्रातकाल आयोजित किए जा रहे हैं। संध्याकाल में संगीतमय आरती के पश्चात ब्रह्मचारी सुरेश जी द्वारा धर्म प्रवचन दिए जाते हैं। सांस्कृतिक आयोजनों के अंतर्गत भक्तामर पाठ, फैंसी ड्रेस शो, धार्मिक प्रश्नमंच और लघु नाटिकाओं का मंचन किया गया, जिनका आयोजन महिला परिषद की विभिन्न इकाइयों द्वारा किया गया।



### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में बुधवार रात भुवनखेड़ी गांव के पास एक अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुनील उइके 27 के रूप में हुई है। वो करताना गांव के एक शोरूम पर काम करता था।



बुधवार रात करीब 8 बजे सुनील अपने एक साथी के साथ हरदा से शोरूम के लिए नई बाइक लेकर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल सुनील को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। गुरुवार को जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### एसडीईआरएफ जवान को सांप ने डंसा

**समय पर इलाज नहीं मिलता तो जा सकती थी जान**

**अनोखा तीर, हरदा।** बुधवार रात करीब १ बजे एसडीईआरएफ के एक जवान को सांप ने काट लिया। जवान को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, एसडीईआरएफ जवान आशीष पिता गोरेलाल यादव, बुधवार



रात अजनाल नदी के पेड़ीघाट पर डोल ग्यारस की ड्यूटी पूरी कर रात करीब एक बजे घर लौटा था। दिनभर की ड्यूटी के बाद थकान के चलते वह जल्दी ही गहरी नींद में सो गया। नींद के दौरान आशीष को दाहिने पैर में हल्का दर्द महसूस हुआ। उन्हें शुरुआत में लगा कि शायद चूहे ने काटा है, इसलिए उन्होंने ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया और फिर से सो गए। लेकिन सुबह जब नींद खुली, तो पैर में सांप के काटने के निशान दिखाई दिए। परिजनों ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले जिला पुलिस लाइन में पदस्थ एसएएफ के हेड कॉन्स्टेबल को जहरीले सांप ने काट लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

### सर्वब्राह्मण समाज का शिक्षक सम्मान समारोह आज

**अनोखा तीर, हरदा।** सर्वब्राह्मण समाज संगठन द्वारा स्व. मनोहरलाल शर्मा की स्मृति में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आज परशुराम शिक्षा रत्न शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित होगा।आयोजन प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि 5 सितंबर को दोपहर 3 बजे से मां रेवा गार्डन में अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में यह आयोजन होगा। संगठन के महामंत्री लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष गौ संवर्धन बोर्ड मप्र शासन नारायण व्यास, उपाध्यक्ष सर्वब्राह्मण समाज मप्र जितेंद्र ओझा, विशेष अतिथि पूर्व नपा अध्यक्ष खातेगांव निलेश जोशी, लेक्चरार शेफाली पुरोहित होंगे। संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने बताया कि आयोजन के दौरान विप्र समाज के शासकीय एवं अशासकीय से स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों का सम्मान होगा।

# हरदा जिले को मिले 8 नए डायल-112 वाहन

**आपात सेवाएं होंगी और अधिक सुलभ**

**अनोखा तीर, हरदा।**

पुलिस मुख्यालय भोपाल से जिले को 8 नए एफआरवी (डायल-112) वाहन प्राप्त हुए हैं। इन वाहनों को विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं चौकियों में आवंटित किया गया है। गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम हरदा में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने हरी झंडी दिखाकर इन्हें गंतव्य स्थलों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, एसडीओपी शालिनी परस्ते, उपपुलिस अधीक्षक महिला सेल अरुणा सिंह, प्रभारी कोतवाली रोशन लाल भारती, प्रभारी सिविल लाइन रामसुमेर तिवारी, रनि. रजनी गुर्जर, यातायात प्रभारी सूबेदार उमेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने वाहनों में उपलब्ध आधुनिक सुरक्षा व आपात उपकरणों का निरीक्षण किया और उनके संचालन में तत्परता व अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही वाहनों की समय-समय पर साफ-सफाई और उचित मेंटेनेंस पर भी जोर दिया।




**नए डायल-112 वाहनों की प्रमुख सुविधाएं**

- जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम
- वायरलेस व संचार उपकरण
- फर्स्ट एड किट
- सायरन एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम
- आधुनिक निगरानी उपकरण
- उच्च गति और सुरक्षित डिजाइन

इन सुविधाओं से पुलिस कंट्रोल रूम से वाहनों की रीयल टाइम निगरानी संभव होगी और घटनास्थल तक पुलिस की पहुँच और भी तेज होगी।

**पुलिस अधीक्षक की अपील**

पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने जिलेवासियों से कहा कि किसी भी आपात स्थिति जैसे सड़क दुर्घटना, अपराध, आगजनी या महिला सुरक्षा से जुड़े मामले में तुरंत डायल-112 नंबर पर कॉल करें। पुलिस हर समय सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा, नागरिकों का सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और आपकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## लापता युवक का शव मिला अजनाल नदी में

- **तेज बारिश में रपटा पार करते समय बहा था युवक**

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा में मंगलवार रात को नाले में बहे युवक का शव गुरुवार शाम को मिल गया। एसडीईआरएफ के जवानों ने घटनास्थल से करीब 10 किलोमीटर दूर अजनाल नदी में शव को खोज निकाला। मृतक की पहचान सीहोर जिले के इटावा निवासी शेखर विश्नोई के रूप में हुई है। शेखर मंगलवार रात को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम झाड़पा और नीलगढ़ के बीच स्थित एक नाले का रपटा पार कर रहा था। इस दौरान वह बाइक सहित तेज बहाव में बह गया। वह कुछ सालों से नीलगढ़ में अपनी ससुराल में रह रहा था। बुधवार सुबह तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। एसडीआरएफ की टीम ने सर्चिंग के दौरान रपटे से लगभग बीस फीट दूर नाले से शेखर की बाइक बरामद की। लगातार हो रही बारिश के कारण शव पानी के बहाव में आगे निकल गया था। गुरुवार को लगभग 10 घंटों की सर्चिंग के बाद ग्राम कचबेड़ी से करीब तीन किलोमीटर दूर शव मिला। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। सर्चिंग में होमगार्ड आरक्षक कैलाश तोमर, भारमल यादव और एसडीईआरएफ जवान दीपक राजपूत, सत्येंद्र शर्मा, राकेश भवरे, नरेंद्र केवट तथा राजेन्द्र सोलंकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



**-समन्वित प्रयासों से योजनाओं का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन कराएं**

# धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान के लाभ से कोई पात्र वंचित न हो : दुर्गादास उईके

**अनोखा तीर, हरदा।**

केंद्र सरकार द्वारा जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में अधोसंरचना विकास और केंद्र प्रवृत्त सभी योजनाओं में शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए धरती आबा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसके लिए पूरे देश में 63 हजार जनजातीय बाहुल्य ग्रामों के लिए 80 हजार करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। हरदा जिले के 103 ग्रामों को भी योजना के तहत सम्मिलित किया गया हैं। हरदा जिले में कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। समन्वित प्रयासों से जिले में योजना का सफल क्रियान्वयन कर आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करें। यह बात मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय मामले दुर्गादास उईके ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों से कही। केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने बैठक में धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान की प्रगति की विभागवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग योजना के क्रियान्वयन में आदर्श प्रस्तुत करें। ताकि योजना से लाभान्वित व्यक्ति से प्रेरित होकर अन्य व्यक्ति भी लाभान्वित भी हो सकें। उन्होंने कहा कि धरती आबा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया जाएगा। जिसके क्रियान्वयन में जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथियों का भी गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत सभी जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में अधोसंरचना विकास के कार्य और अंतिम पंक्ति पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति को सूचीबद्ध कर लिया जाए। यह कार्य पूरे मनोयोग से किया जाएं। बैठक केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास अंतर्गत



जनपदवार प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जनजातीय कार्य, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य, पर्यटन, शिक्षा, प्रधानमंत्री ग्राम सडक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी इत्यादि विभागों के प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की जानकारी लीं। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को ऐसे ग्राम जहां आंगनवाड़ी भवन के लिए जमीन नहीं हैं। वहां शीघ्र जमीन आवंटन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई ग्राम ऐसा न हो जहां आंगनवाड़ी न हो। उन्होंने कहा कि सभी क्षतिग्रस्त आंगनवाड़ी भवनों की भी मरम्मत सुनिश्चित कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हरदा को निर्देशित किया कि जनजातीय ग्रामों में कोई भी पात्र आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित न रहे। सभी पात्रों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएं। उन्होंने इन ग्रामों में जनजातीय वर्ग के साथ सभी वर्गों की सिकलसेल एनीमिया की जांच किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मत्स्य और पशुपालन विभाग को निर्देश दिए दिए कि मत्स्यपालन और बकरी पालन से ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभान्वित कराएं। मत्स्य पालन और बकरी पालन का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करें ताकि अन्य हितग्राही भी इस दिशा में प्रेरित हो सकें। निर्माण संबंधी विभागों को विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# 8 सितंबर से शुरू होगा टोल टैक्स

**- कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

**अनोखा तीर, खातेगांव।**

खातेगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 173 के बरवाई खेड़ा के पास स्थित नेशनल हाइवे स्थित टोल नाके पर टोल टैक्स वसूली के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस परिवार ने प्रदर्शकर अपना विरोध दर्ज कराया। जहां सभी ने जब तक रोड कंप्लीट नहीं तब तक टोल वसूली नहीं व स्थानीय आसपास के गांवों को टोल मुक्त करने की मांग रखी गई। टोल टैक्स के अधिकारियों ने बताया कि 8 सितंबर से टोल चालू किया जाएगा। पहले इसकी तारीख 4 सितंबर थी, लेकिन विरोध के बाद अब 8 सितंबर से शुरू होगा। इंदौर-हरदा मार्ग पर टोल टैक्स अधिकारियों ने कहा जो 6 किमी. पर कार्य बाकी है उसका पैसा काट कर ले रहे हैं। कांग्रेसियों ने महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संगीता यादव के साथ पहुंचकर अपनी बात रखी और सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक सड़क का कार्य पूर्ण नहीं होगा तब तक हम टोल टैक्स की राशि नहीं देंगे। आज कांग्रेस परिवार के लोगों ने भारत सड़क प्राधिकरण हरदा मनीष कुमार मीना से संदलपुर फाटे पर एनएच 47 कहे या एनएच आई 59 ए कहे जाने वाले रोड पर मुलाकात कर एक पत्र देते हुए अनुरोध किया कि अभी रोड पूरा बना नहीं एवं जितना बना है उस पर भी बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं।




### दो दिन बंद रहेगा मण्डी में नीलामी कार्य

**अनोखा तीर, हरदा।**

सचिव कृषि उपज मण्डी हरदा ने बताया कि 5 सितम्बर को ईद-ए-मिलाद का शासकीय अवकाश होने तथा 6 सितम्बर को अनंद चतुर्दशी एवं पर्युषण पर्व का समापन होने के कारण मण्डी प्रांगण हरदा में नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होने किसानों से अनुरोध किया है कि किसान भाई 5 व 6 सितम्बर को मण्डी प्रांगण में अपनी कृषि उपज विक्रय के लिए नही लाएं।




# धार्मिक जुलूस के दौरान खुले तार न रखें

**अनोखा तीर, हरदा।**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने आम जनता से आग्रह किया है कि धार्मिक जुलूस के दौरान बिजली के खुले तार न रखें, साथ ही हाईटेंशन लाइनों से पर्याप्त दूरी बनाएं रखें। करेंट से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं से बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। बिजली कंपनी ने कहा है कि इन दिनों गणेशोत्सव चरम पर है। जगह-जगह झांकियां सजाई गई हैं, बड़े-बड़े पंडालों में गणेश प्रतिमाएं विराजमान हैं। पंडालों में रोशनी के लिए अस्थाई कनेक्शन लेकर व्यवस्थाएं भी की गई हैं। ऐसे में ध्यान देने योग्य बात यह है कि बिजली के तार खुले छोड़ने अथवा जगह-जगह ज्वाइंट होने पर करंट लगने का खतरा बना रहता है। इसलिए बिजली के तारों को खुला न छोड़ें। इन्हें बच्चों की पहुंच से दूर रखें तथा इंसुलेटेड तार का ही उपयोग करें। इसी तरह जुलूस के दौरान रोशनी करने के लिए लगाए गए बिजली के तार तथा अन्य उपकरणों को पहुंच से दूर रखें ताकि करंट से कोई दुर्घटना घटित न हो। हाथ ठेले पर या बड़े वाहन पर झांकी निकालने के दौरान बिजली के खंबों, तार तथा हाईटेंशन लाइनों से दूरी बनाएं रखें। यदि जरूरत पड़े तो बांस अथवा लकड़ी के सहारे बिजली के तार को हटाएं। उन्हें हाथ से हटाने की जोखिम न लें। कंपनी ने कहा है कि जरा सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए आमजन भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करें एवं बिजली लाइनों तथा ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बना कर ही झांकी-पंडाल लगाएं ताकि करंट से होने वाली संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि विद्युत लाइनों व ट्रांसफार्मरों एवं उपकरणों के साथ छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि कहीं बिजली के तार टूटे हों तो इसकी सूचना तत्काल शिकायत कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर, उपाय एप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में दें।

**ईद-मिलादुन्नबी पर शराब दुकानें बंद करने की मांग**

# हरदा में मुस्लिम समाज ने दिया ज्ञापन



**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा में मुस्लिम समाज के लोगों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर 5 सितंबर को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के अवसर पर जिले की सभी शराब दुकानों को बंद करने की मांग की। जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष मकसूद अहमद उर्फ बब्बू कबाड़ी ने संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को ज्ञापन दिया। हाजी मुजाहिद अली ने कहा कि ईद-ए-मिलादुन्नबी मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा पर्व है। इस दिन शराब दुकानों का खुला रहना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि जैसे अन्य धर्मों के त्योहारों पर सरकार प्रतिबंधात्मक कदम उठाती है, वैसे ही इस पर्व पर भी समान संवेदनशीलता दिखाई जाए।

आवश्यकता है
कर्मचारियों की आवश्यकता है
सुपरवाइजर - 2 पद
कर्मचारी - 2 पद
वेतन योग्यता अनुसार
-:: सम्पर्क करें ::-
कमल किशोर जर्दा भंडार
अग्रसेन चौराहा हरदा

